फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 236 प्रभात जयपुर, गुरुवार 30 मार्च , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**She is Galloping to the Top**

I too have had to make certain compromises along the way. I am not able to engage in activities that most people my age participate in.

**Yogic Union**

**The World's Most Beautiful Cities** All dazzling destinations to tempt you on your next trip



*विलुप्त शिकारी पक्षियों पर हुए एक नए शोध के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में मिले जीवाश्मों का संबंध एक लुप्त ईगल प्रजाति से है। ''लॉर्ड ऑफ द रिंग्स'' के काल्पनिक जायंट ईगल की तरह यह ईगल इतना बड़ा था कि, झपट्टा मारकर पेड़ों से कोआला को उठा सकता था। यह नई प्रजाति, जिसका नाम डायनाटोएटस गैफे (डी.गैफे) है, का ब्यौरा 1959 और 2021 के बीच, साऊथ ऑस्ट्रेलिया की 56 फुट गहरी गुफा में मिले जीवाश्मों से तैयार किया गया। हड्डियाँ, जिनमें पंख, पैर, नाखून, छाती की हड्डी एवं खोपड़ी शामिल हैं, से पता चला है कि इस जायंट चिड़िया के नाखून 12 इंच लंबे थे तथा पंखों का फैलाव 10 फीट तक था। इस हिसाब से यह ऑस्ट्रेलिया का अब तक का सबसे बड़ा परभक्षी पक्षी है। जर्नल ऑफ ऑर्निथॉलजी में प्रकाशित शोध के सहलेखक, फ्लाईन्डर्स युनिवर्सिटी के ट्रैवर वर्दी, जो एक वार्टिब्रेट पेलिऑन्टॉलजिस्ट हैं, ने बताया कि, पचास हजार से सात लाख साल पहले पाया जाने वाला यह पक्षी ''विशालकाय'' था और संभवतया उस समय यह धरती का सबसे बड़ा ईगल था। उसी समय ऑस्ट्रेलिया में अन्य विशाल जीव भी विचरते थे, जिनमें बड़े फ्लाइटलैस पक्षी, जाएंट कंगारु, विशालकाय छिपकली और भालू जैसे मार्सूपिअल प्रमुख थे। शोधकर्ताओं को यकीन है कि, यह ईगल इन जाएंट जानवरों के बच्चों का शिकार करता था। यही नहीं, आज के दौर के कंगारु जितने बड़े जानवरों को भी मार कर खा सकता था। यह आकार में, ऑस्ट्रेलिया में पाए जाने वाले ''वैज्ड टेल्ड ईगल'' से दोगुना था।*

# 'मोदी के सामने राहुल की टीम किन्डर्गार्टन बच्चों का जमघट लग रही है'

## 'राहुल को वरिष्ठ नेताओं पर भरोसा नहीं और युवा सलाहकारों में अनुभव व समझदारी का अभाव है'

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 मार्च। यह प्रश्न निरन्तर पूछा जा रहा है कि राहुल गांधी और उनकी लीगल टीम ने किसी हायर कोर्ट से राहत प्राप्त करने के लिए अब तक कोई अपील दायर क्यों नहीं की है और वह आखिरी रणनीति क्या है, जिस पर काम किया जा रहा है।

सूत्र कहते हैं कि कहने में यह अजीब लगे, किन्तु राहुल गांधी के पास ऐसा कोई वास्तविक रणनीतिकार नहीं है, जो सभी अच्छे-बुरे पहलुओं पर गौर कर यह निर्णय ले सके कि एक सांसद, जिसे दो साल की जेल की सजा हुई है, जिसे लोकसभा की सदस्यता से डिस्क्वालिफाई किया जा चुका है और जिसे एक माह के भीतर अपना आवास खाली करने को कहा गया है, उसके लिये सबसे अच्छा क्या किया जा सकता है। यह बात भी शायद, अजीब लगे कि

- **इस विकट स्थिति में कोई मुख्य रणनीतिज्ञ नहीं, जो, जितने भी विकल्प सामने आ रहे हैं, कानूनी या राजनीतिक, उनको तौल कर एक दिशा निर्धारित कर सके और लीगल टीम व राजनीतिक नेताओं को लामबंद कर आगे का रास्ता तय कर सके।**
- **एक राय यह आयी है कि, राहुल को बहुत सहानुभूति मिल रही है, अतः मुकदमा देर से दायर करना चाहिये, सहानुभूति का पूरा लाभ लेने के बाद।**
- **एक अन्य सुझाव है, राहुल को मुकदमा नहीं करना चाहिये, सूरत के निर्णय को चैलेंज करने के लिये, बल्कि जेल चले जाना चाहिये, इस जेल यात्रा से जनित सहानुभूति की सुनामी को मोदी नहीं संभाल पायेंगे।**

राहुल गांधी को उनकी टीम ने यह कहा है कि उन्हें जबर्दस्त सहानुभूति और लोकप्रियता मिल रही है तथा इस स्थिति को और बढ़ने देना चाहिए।

इसकी पृष्ठभूमि में यह विचार है कि राहुल के हायर कोर्ट में अपील करने से पूर्व जनता को उनके पक्ष में बने रहने दिया जाए।

एक प्रस्तावित रणनीति यह भी है कि राहुल को राहत के लिए अपील ना कर मोदी सरकार को बैकफुट पर लाने के लिए जेल जाकर एक पीड़ित एवं बेचारे के रूप में उभरना चाहिए।

जैसा कि एक नेता ने कहा कि "बेचारे को सभी चाहते हैं।" लेकिन एक अन्य नेता ने कहा कि समस्या यह है कि अधिकांश सीनियर नेताओं को साइडलाइन किया जा चुका है। सीनियर और जूनियर नेताओं के बीच कोई संतुलन नहीं है। राहुल गांधी सीनियर नेताओं पर विश्वास नहीं करते। वह अपनी रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए जूनियर एवं अनुभवहीन नेताओं पर भरोसा कर रहे हैं।

सूत्र कहते हैं कि राहुल अपने मित्र कनिष्क सिंह पर भरोसा करते हैं और उनकी अधिकांश रणनीतियां चाहे वे कानूनी हो या अन्य, कनिष्क ही तय करते हैं।

प्रियंका गांधी ने आज मल्लिकार्जुन

( शेष पृष्ठ 7 पर )




# 'राहुल के ''डिस्क्वालिफिकेशन'' का असर सबसे अधिक दक्षिण भारत में दिखेगा'

## इस सोच का ठोस सबूत होगा, कर्नाटक में विधानसभा चुनाव

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 मार्च। राजनैतिक विरोधियों से समर्थन के मामले में, दक्षिण पूरी मजबूती से राहुल गांधी के समर्थन में खड़ा हैं दक्षिण भारत ने गुजरात के एक ट्रायल कोर्ट द्वारा राहुल को दोषी ठहराये जाने के बाद, लोकसभा सदस्य के रूप में उनकी डिस्क्वालिफिकेशन की घोर निंदा की है। राहुल गांधी को यह सजा उनके उस बयान द्वारा एक राजनेता की मानहानि के परिप्रेक्ष्य मे दी गई है जो बयान उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लक्ष्य करके दिया था।

जो विपक्ष भाजपा के खिलाफ एक होकर संगठित रूख नहीं अपना पा रहा था, उसी विपक्ष के बारे में आज यक संभावना बनती प्रतीत हो रही है कि वह कम से कम भावनात्मक मोर्चे पर एक हो रहा है तथा विपक्ष के जो नेता पहले राहुल गांधी को खारिज कर चुके थे, आज उनके साथ खड़े हैं तथा उन्हें इतनी जल्दी डिस्क्वालिफाई किये जाने की भर्त्सना कर रहे हैं तथा इस कदम को लोकतंत्र पर हमला बताया है।

- **वैसे ही कर्नाटक में कांग्रेस भाजपा से हल्की नहीं पड़ रही, लगभग बराबर सी स्थिति तो है ही। इस स्थिति में राहुल के प्रति सहानुभूति कांग्रेस को वैतरणी पार करा सकती है।**

केरल, जहां भाजपा पिछले कुछ दशकों से प्रवेश करने तथा चुनावी राजनीति में कामयाब होने की कोशिश में लगी हुई है, में कांग्रेस के ''मुख्य राजनैतिक विरोधी'' वामपंथी दल उसके समर्थन में आ गये हैं तथा कांग्रेस और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन मिलकर राहुल गांधी को डिस्क्वालिफाई करने के लोकसभा सचिवालय के निर्णय की कटु आलोचना कर रहे हैं। कड़ा प्रहार करने वाले एक बयान में, केरल के मुख्यमंत्री ने कहा, ''राहुल गांधी को लोकसभा से आनन-फानन में डिस्क्वालिफाई किया जाना लोकतंत्र पर संघ परिवार के हमले का नवीनतम अध्याय है।''

दक्षिण की एक और महत्वपूर्ण आवाज, तेलंगाना के मुख्यमंत्री तथा भारत राष्ट्र समिति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, के. चन्द्रशेखर राव ने राहुल गांधी की डिस्क्वालिफिकेशन वाले दिन को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन बताया तथा इस निर्णय को एक ऐसा निर्णय बताया, जो प्रधानमंत्री के अहंकार, अक्खड़पन तथा तानाशाही प्रवृत्तियों को दर्शाता है और भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि के.सी.आर. ने सभी राजनैतिक दलों से अपील की है कि वे मतभेदों को भूलकर, देश के लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को बचाने के लिये एकजुट हो जायें।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन इस निर्णय की निंदा करने वाले दक्षिण के सबसे पहले नेता थे। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि एक निर्वाचित सदस्य ट्रायल कोर्ट की सजा के विरूद्ध अपील में जा सके, यह निर्णय उस सांसद के अधिकार को छीनने के अलावा और कुछ नहीं है। स्टालिन ने कहा, ''अब यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि भाजपा राहुल गांधी से कितनी

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# लक्षद्वीप के सांसद फैज़ल की लोकसभा सदस्यता बहाल

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 मार्च। लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को होने जा रही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से पहले ही लक्ष्यद्वीप से एन.सी.पी. के सांसद मोहम्मद फैज़ल का डिस्क्वालिफिकेशन

- **सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को मोहम्मद फैज़ल के केस की सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई शुरू होने से पहले ही लोकसभा सचिवालय ने फैज़ल की सदस्यता बहाल करने की अधिसूचना जारी कर दी।**

एक गजट अधिसूचना जारी कर वापस ले लिया।

लोकसभा सचिवालय ने केरल हाई कोर्ट के गत 25 जनवरी के एक आदेश के संदर्भ में गजट अधिसूचना जारी की। केरल हाई कोर्ट ने लक्ष्यद्वीप के कावारत्ती सत्र न्यायालय द्वारा 11 जनवरी को फैज़ल की सुनाई गई सजा को निरस्त कर दिया था। कावारत्ती लक्ष्यद्वीप की

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# ममता ने अपना पुराना प्रिय जाना पहचाना हथियार निकाला

## राजनीतिक लड़ाई सड़क पर लड़ने की तैयारी की

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 मार्च। चूँकि तृणमूल कांग्रेस के मंत्रियों और सदस्यों की रिश्वत खोरी तथा विशुद्ध रूप से पैसा ऐंठने की घटनाओं की अनंत श्रृंखला की वजह से बचने का कोई रास्ता न मिलने के कारण, ममता बनर्जी अब वही कर रही हैं, जिसमें वे प्रवीण हैं- वे लड़ाई को सड़कों पर ले जा रही

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- **पर, इस बार यह हथियार कितना कामयाब होगा, कहना मुश्किल है, क्योंकि, उनकी पार्टी के कई दिग्गज भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बैठे हैं तथा कईयों के खिलाफ केन्द्रीय एजेन्सियों की जांचें चल रही हैं।**
- **ऐसा लगता है, हाल ही में हुए उप चुनाव में ममता की पार्टी की हार ने, ममता बनर्जी के लिए राजनीतिक लड़ाई को सड़क पर लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है।**

# 30 मार्च से 4 अप्रैल तक सुप्रीम कोर्ट में अवकाश

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 मार्च। सर्वोच्च न्यायालय रामनवमी के कारण 30 मार्च से लेकर 4 अप्रैल के महावीर जयन्ती के अवकाश तक, छः दिन के लिये बन्द रहेगा। 7 अप्रैल को गुड फ्राइडे के कारण 7 अप्रैल को फिर बन्द रहेगा।

अदालत का कलेण्डर 31 मार्च शुक्रवार से 3 अप्रैल सोमवार तक

- **संसद भी आगामी 5 दिनों तक के लिए स्थगित, फिर 4 और 5 अप्रैल के अवकाश के बाद संसद की अगली बैठक 6 अप्रैल को होगी, जो कि बजट सत्र का अंतिम दिन है।**

अवकाश बता रहा है। विपक्षी हंगामे की वजह से संसद मंगलवार को अगले सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई, इसके बाद अगली बैठक बुधवार 5 अप्रैल को ही होगी क्योंकि 4 अप्रैल को महावीर जयन्ती के कारण अवकाश रहेगा। इस प्रकार सरकार संसद को 6 अप्रैल तक चला सकती है, जो बजट सत्र की समाप्ति की निर्धारित तिथि है, सरकार विपक्ष पर यह दोषारोपण कर देगी कि उसने 13 मार्च से शुरु हुये बजट सत्र के द्वितीयार्द्ध में एक दिन भी काम-काज नहीं होने दिया।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव 10 मई को होंगे, मतगणना 13 मई को

## चुनाव आयोग ने 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा के चुनावों की घोषणा की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 मार्च। कर्नाटक एक कड़े एवं ''डर्टी'' चुनावी संघर्ष की प्रतीक्षा कर रहा है जिसमें किसी सीमा का ध्यान नहीं रखा जाएगा। चुनाव आयोग ने यहां 10 मई को विधानसभा चुनाव करवाए जाने की आज घोषणा की। सत्तारूढ़ भाजपा तथा कांग्रेस के साथ ही जे.डी. (एस.) इस चुनावी संघर्ष में कूदने के लिए तैयार हैं।

राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, और तेलंगाना जैसे राज्यों में जहां इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव हैं, वहीं जनता की नब्ज टटोलने और एक राष्ट्रीय मूड का आकलन करने के लिए कर्नाटक पहला परीक्षण स्थल है।

तथापि, कर्नाटक के विधानसभा चुनाव सर्वाधिक अपेक्षित हैं। इसका श्रेय शायद कर्नाटक की दिलचस्प राजनीति और वर्तमान मुद्दों को जाता है।

इससे पहले, चुनाव आयोग ने कहा कि 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा के चुनाव 10 मई को करवाए जाएंगे तथा वोटों की गिनती 13 मई को की जाएगी। यहां के विधानसभा

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- **कर्नाटक विधानसभा चुनाव कांग्रेस, भाजपा और जद (एस), तीनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस के लिए तो यह चुनाव ''सरवाइवल'' से जुड़ा है। अभी तक राज्य में कांग्रेस की संभावनाएं अच्छी बताई जा रही हैं और कांग्रेस इस बढ़त को कायम रखना चाहती है, इसीलिए पार्टी ने अपनी पहली लिस्ट भी जारी कर दी है। भाजपा से कर्नाटक को छीनने के लिए कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है।**
- **भाजपा के लिए भी कर्नाटक बहुत महत्वपूर्ण है। मोदी-शाह के उदय से पहले ही कर्नाटक में भाजपा जीत हासिल कर चुकी थी, इसका श्रेय येदियुरप्पा को जाता है, जो चार बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने हैं। दक्षिण भारत में कर्नाटक ही ऐसा राज्य है जहां भाजपा मजबूत है और पार्टी किसी भी कीमत पर राज्य में सत्ता कायम रखने की कोशिश में है।**
- **कर्नाटक विधानसभा चुनाव यह भी बताएंगे कि, लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के कारण राहुल गांधी को जनता की कितनी सहानुभूति मिली है।**






## विचार बिन्दु

**संसार के दुःखियों में पहला दुःखी निर्धन है। उससे दुःखी वह है जिसे किसी का ऋण चुकाना हो। इन दोनों से अधिक दुःखी वह है, जो सदा रोगी रहता हो और सबसे दुःखी वह है, जिसकी पत्नी दुष्टा हो। –विदुरनीति**

# सेहत के लिए वरदान है मोटा अनाज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है। पहले लोग मोटे अनाज का सेवन करते थे। लेकिन बदलते समय के साथ लोग इससे दूर हो गए। अब प्रधानमंत्री मोदी ने फिर से लोगों को मोटे अनाज उगाने और उसके सेवन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान छेड़ा है। देश में मिलेट्स जिसे मोटा अनाज कहा जाता है के पक्ष में माहौल बनना शुरू हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में पैदा होने वाले मोटे अनाज में 41 प्रतिशत तक भारत में पैदा होता है। देश में सर्वाधिक बाजरा उत्पादन करने वाले राज्य राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों में मोटे अनाज की महत्ता, उपयोगिता और पोषण गुणवत्ता को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है जिनके माध्यम से किसानों और आम नागरिकों में जागरूकता पैदा की जा रही है। राजस्थान का बाजरे के उत्पादन और क्षेत्रफल दोनों दृष्टि से देश में प्रथम स्थान है। देश में बाजरा क्षेत्रफल में राजस्थान का हिस्सा 57.10 प्रतिशत है वहीं उत्पादन में 41.71 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। इसी तरह राष्ट्र में ज्वार के क्षेत्रफल और उत्पादन में राज्य का तीसरा स्थान है।

हमारे देश में आज भी घर-घर में लोग गेहूं के साथ मक्के, बाजरा और चंने की रोटी पसंद करते हैं। सर्दी हो या गर्मी लोग इसे बड़े ही चाव के साथ न केवल खाते है अपितु मेहमानों को परोसगारी भी करते है। इसे मोटा अनाज कहा जाता है, जिसमें ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू शामिल है। सर्दी के दिनों में ठंड से शरीर को बचाने के लिए ज्वार और बाजरा खाने की सलाह भी दी जाती है। गेहूं और चावल की तुलना में मोटे अनाज में मिनरल, विटामिन, एंजाइम और इन सॉल्युबल फाइबर भी ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। मोटे अनाज को खाने से शरीर में कई पोषक तत्वों की पूर्ति होती है साथ ही यह कुपोषण से भी बचाव करेगा। मोटे अनाजों में बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि खनिज लवण भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक भविष्य मोटे अनाजों का है। मोटे अनाज के क्षेत्र में किसानों एवं कृषि उद्यिमता की अपार संभावनाएं हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए इनकी उपयोगिता जगजाहिर है। गेहूं, चावल के मुकाबले मोटा अनाज उगाना और खाना ज्यादा सुविधाजनक है। मोटे अनाज में पोषण भी अधिक होता है, जिससे शरीर मजबूत होता है और बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलती है। मोटे अनाजों के उत्पादन को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ प्रसंस्करण गतिविधियों के जरिए उद्यमिता को भी बढ़ावा दिया जाए। इससे रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। भारत सरकार ने बजट में ऐलान किया कि बाजरा, कोदो, सांवा जैसे मोटे अनाज को बढ़ावे देने के लिए श्रीअन्न योजना शुरू की जाएगी। भारत मिलेट्स को लोकप्रिय बनाने के काम में सबसे आगे है, जिसकी खपत से पोषण, खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण को बढ़ावा मिलता है। भारत विश्व में श्रीअन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। भारत में कई प्रकार के श्रीअन्न की खेती होती है जिसमें ज्वार, रागी, बाजरा, कुट्टु, रामदाना, कंगनी, कुटकी, कोदो, चीना और सामा शामिल हैं। मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहा जाता है। मोटे अनाज में बाजरे की रोटी, दलिया, बिस्कुट, पकौडी, लड्डू के साथ ही मकई की रोटी व घट्टा, कोदो का भात, मिक्स अनाज का पापड़, ज्वार की खिचड़ी, चव्यनप्राश, बिस्कुट, बेकरी उत्पाद जैसे व्यंजन बनाये जा सकते है।

**कई रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि अगर देश में मोटा अनाज फिर से चलन में आ जाए तो 70 फीसदी लोग कुपोषण से मुक्त हो जाएंगे। इसके अलावा आमजन मोटापा, बदहजमी, डॉयबिटीज, एनीमिया, हार्ट, कोलेस्ट्राल, जैसी 36 बीमारियों से मुक्त हो सकते है। मोटा अनाज पौष्टिकता का खजाना है।**

प्रगति और विकास के साथ न केवल हमारी जीवनशैली बदली अपितु हमारा खान-पान भी पूरी तरह से बदल गया। चार पांच दशक पहले मोटा अनाज हमारे आहार का मुख्य घटक था। जिन अनाज को हमारी कई पीढ़ियां खाती आ रही थीं, उनसे हमने मुंह मोड़ लिया। वह भी एक समय था जब लोग हाथ चक्की में पीसे मोटे अनाज का सेवन कर स्वस्थ रहते थे। मोटे अनाज के एक नहीं अनेक फायदे है।

पौष्टिक तत्वों की भरमार होने से अनेक बीमारियां दूर भागती थी। अब एक बार फिर देश का ध्यान मोटे अनाज की ओर गया है। यह अनाज देश में बहुतायत से उत्पन्न होता है। मोटा अनाज यानि मिलेट्स के पोषक तत्वों को देखते हुए देश विदेश की सरकारों द्वारा इन्हे बढ़ावा दिया जा रहा है। क्योंकि मिलेट्स का अधिक उत्पादन भूख और कुपोषण की समस्या हल करने मे बहुत सहायक हो सकता है। मोटे अनाज की उपयोगिता को देखते हुए भारत सरकार सहित राज्य सरकारों ने विभिन्न स्तरों पर इसे बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। भारतीय सेना में एक अप्रैल से जवानों और अफसरों की थाली में डाइट का 25 प्रतिशत हिस्सा मोटे अनाज का होगा। सेना के एक आदेश के मुताबिक बाजरा, ज्वार और रागी के इस्तेमाल की अनुमति दी गई है। अच्छे रिजल्ट आने पर अन्य अनाज को शामिल किया जाएगा। इसी भांति राजस्थान के पुलिसकर्मियों को अब भोजन में मोटा अनाज मिलेगा। प्रदेश की सभी पुलिस लाइन, पुलिस थानों एवं बटालियन मुख्यालयों की मैस में बनने वाले भोजन में अब ज्वार, बाजरा एवं रागी परोसा जाएगा। अब तक जवानों को मैस में दाल, चावल, सब्जी और चपाती भोजन में मिलती थी। लेकिन अब इनके साथ मोटा अनाज भी परोसा जाएगा। कई रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि अगर देश में मोटा अनाज फिर से चलन में आ जाए तो 70 फीसदी लोग कुपोषण से मुक्त हो जाएंगे। इसके अलावा आमजन मोटापा, बदहजमी, डॉयबिटीज, एनीमिया, हार्ट, कोलेस्ट्राल, जैसी 36 बीमारियों से मुक्त हो सकते है। मोटा अनाज पौष्टिकता का खजाना है। रागी में भी कई पोषक तत्व मौजूद हैं। आहार विशेषज्ञों की मानें तो रागी डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत ही लाभकारी है। वहीं बाजरे में भी प्रोटिन की प्रचूर मात्रा पाई जाती है जो स्वास्थ्य के साथ आंखों के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। ज्वार की खेती पूरे विश्व में 5वें नंबर पर उगाई जाने वाली एक महत्वपूर्ण फसल है जो लगभग आधे अरब की जनसंख्या का मुख्य आहार है।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 30 मार्च, 2023



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 10:54 तक, अतिगंड योग रात्रि 1:01 तक, बव करण दिन 10:17 तक, चन्द्रमा सांय 4:15 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-मीन, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज श्रीरामनवमी, श्री स्वामीनारायण जयन्ती है और चैत्र नवरात्रा समाप्त होंगे। आज रवियोग अहोरात्र है। आज पंचरात्र व्रत (पारणा), मातृ का व्रत, मेला रामनवमी और मेला महावीर जी है। आज सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 10:54 से आरम्भ होगा। गुरू पुष्य सिद्धि योग 10:54 से सूर्योदय तक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:58 तक, चर 11:01 से 12:33 तक, लाभ-अमृत 112:33 से 3:37 तक, शुभ 5:09 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:39




**मेष**
महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।




**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण प्रभाव बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।




**मकर**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।



**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।




**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है ओर उचित परामर्श मिलेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कर्क**
व्यावसायिक व्यक्तिगत कारणों से भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को वाद-विवाद का सामना पड़ सकता है।




**वृश्चिक**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# रामनवमी: मर्यादा पुरषोत्तम राम का जन्मोत्सव एवं रामराज्य



डॉ. जे. के. गर्ग

भगवान विष्णु ने सातवे अवतार में भगवान राम के रूप में त्रेतायुग में जन्म लिया था। भगवान राम का अवतार रावण के अत्याचारों को खत्म करने एवं पृथ्वी से दुष्टों को खत्म कर धर्म एवं सात्विकता की स्थापना के लिए हुआ था। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म अयोध्या में चैत्र शुक्ल की नवमी को हुआ था इसलिए चैत्रीय नवमी को भगवान श्री राम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। शारदीय राम नवमी के दिन रावण का वध करने से पहले प्रभु श्रीराम ने मां भगवती की आराधना की थी तथा माता ने प्रसन्न होकर भगवान राम को युद्ध में विजय होने का आशीर्वाद दिया था इसी दिन प्रभु राम ने रावण का वध करके विजय प्राप्त की थी। राम का अर्थ है, स्वयं का प्रकाश; स्वयं के भीतर ज्योति। 'रवि' शब्द का अर्थ 'राम' शब्द का पर्यायवाची है। रवि शब्द में 'र' का अर्थ है, प्रकाश और 'वि' का अर्थ है, विशेष। इसका अर्थ है, हमारे भीतर का शाश्वत प्रकाश। हमारे हृदय का प्रकाश ही राम है। इस प्रकार हमारी आत्मा का प्रकाश ही राम है यानी हमारे भीतर 'ज्ञान के प्रकाश का उदय'।

राजा दशरथ एवं उनकी रानीयों को सन्तान प्राप्ति के लिए महर्षी वशिष्ट जी ने दशरथ की तीनों रानियों को खीर खाने को कहा ठीक 9 महीने पश्चात सबसे बड़ी रानी कौशल्या ने भगवान राम को, कैकयी ने भारत को और सुमित्रा ने दो जुड़वा बच्चे लक्ष्मण और शत्रुघ्न को जन्म दिया।

राम भगवान विष्णु जी के सातवें अवतार थे। भगवान श्री राम का अवतरण पृथ्वी से दुष्टों का संहार कर धर्म की स्थापना करने के लिए हुआ था इस प्रकार दशरथ और उनकी तीन पत्नियाँ एक ऋषि के पास गए। जब ऋषि ने उनको प्रसाद दिया तब ईश्वर की कृपा से, भगवान राम का जन्म हुआ।

गोस्वामी तुलसी दास ने रामचरित मानस के बालकाण्ड में स्वयं लिखा है कि उन्होंने रामचरित मानस की रचना का आरम्भ अयोध्यापुरी में विक्रम सम्वत् 1631 (1574 ईस्वी) के रामनवमी, जो कि मंगलवार था, को किया था।

संत कबीर ने बतलाया कि आदि राम अविनाशी परमात्मा है जो सब के सृजनहार व पालनहार है। जिसके एक इशारे पर धरती और आकाश काम करते हैं जिसकी स्तुति में तैंतीस कोटि देवी-देवता नतमस्तक रहते हैं। जो पूर्ण मोक्षदायक व स्वयंभू है। "एक राम दशरथ का बेटा, एक राम घट घट में बैठा, एक राम का सकल उजियारा, एक राम जगत से न्यारा।।"

रामनवमी के त्यौहार का महत्व सनातन धर्म सभ्यता में महत्वपूर्ण रहा है। इस पर्व के साथ ही माँ दुर्गा के नवरात्रों का समापन भी होता है। हिन्दू धर्म में रामनवमी के दिन राम की पूजा-अर्चना की जाती है। रामनवमी की पूजा में पहले देवताओं पर जल, रोली और लेपन चढ़ाया जाता है, इसके बाद मूर्तियों पर मुट्ठी भरके चावल चढ़ाये जाते हैं। पूजा के बाद आरती की जाती है। कुछ लोग इस दिन व्रत भी रखते है।

भगवान राम को दुनिया में एक अतुलनीय पुत्र माना जाता है, और अच्छे गुणों के हर पहलू में दशरथ के समान थे। उन्होंने जीवन भर कभी झूठ नहीं बोला। उन्होंने हमेशा विद्वानों और बड़ों का सम्मान किया, लोग उन्हें प्यार करते थे। उनका शरीर पारलौकिक और उत्कृष्ट था। वह प्रजा को अत्यंत प्रिय थे।

राम का पहला साहसिक कार्य तब हुआ जब ऋषि विश्वामित्र ने राक्षस से लड़ने में मदद मांगी। राम और लक्ष्मण, कौशल के उत्तरी राज्य की राजधानी अयोध्या में अपने बचपन के घर को छोड़कर, विश्वामित्र के पीछे उनके घर गए और वहां एक भयानक राक्षसी तारका को मार डाला। कृतज्ञता में ऋषि ने राम को दिव्य हथियार दिए। तत्पश्चात वे गुरु की आज्ञानुसार आगे की और निकल पड़े। वहाँ विदेह के राजा जनक ने राम का बहुत आदर सत्कार किया, और वह राजा की सुंदर बेटी सीता (जिसे जानकी या मैथिली भी कहा जाता है) से मिले। राजा जनक के घर में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। जिसे कोई भी व्यक्ति आसानी से उठा नहीं सकता था। लेकिन एक दिन सीता जी ने घर की सफाई करते समय उस धनुष को उठाकर दूसरी जगह पर रख दिया। इसे देख कर राजा आश्चर्यचकित हो गए। उसी समय पर उन्होंने यह प्रतिज्ञा ली जो भी इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से मैं अपनी पुत्री सीता का विवाह करुँगा। उन्होंने सीता स्वयंवर की तिथि निर्धारित की और सभी देश के राजा और महाराजाओं को इसके लिए निमंत्रण भेजा।

राजा जनक ने राजकुमारी सीता का विवाह उसी से करने का फैसला किया था जो शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा सके। एक-एक कर सभी ने धनुष उठाने की कोशिश की, लेकिन कोई भी इसे उठा ना सका। उसके पश्चात गुरु की आज्ञा पाकर राम धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तभी धनुष टूट गया। फिर बड़ी ही धूमधाम से राम और सीता का विवाह हुआ। इस खुशी के मौके पर सभी देवताओं ने फूलों की वर्षा की।

भगवान राम के जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा अपने दिए वचन और कर्तव्यों का पालन करना है। कैकयी द्वारा राजा दशरथ से राम का 14 वर्ष का बनवास मांगने का कारण कम ही लोगों को ज्ञात है। दरअसल राजा दशरथ की रानी कैकेयी राजा अश्वपति की बेटी थी। राजा अश्वपति के राजपुरोहित श्रवण कुमार के पिता रतन ऋषि थे। कैकेयी को वेद-शास्त्रों की शिक्षा रत्न ऋषि ने ही दी थी। उन्होंने कैकेयी को बताया था कि राजा दशरथ की कोई संतान राज गद्दी पर नहीं बैठ पाएगी. इसके साथ ही ज्योतिष गणना के आधार पर उन्होंने बताया था कि दशरथ की मृत्यु के बाद यदि चौदह वर्ष के दौरान कोई संतान गद्दी पर बैठ भी गया तो रघुवंश का नाश हो जाएगा।

राम ने सुपर्णखा के नाक कान काट दिए थे जिससे उसका भाई रावण क्रोधित हो गया। तदनुसार, राक्षस राजा ने राम के घर की तलाश की और जब रावण के द्वारा मायावी मारीच को सोने के हरण के रूप में भेजा तब सीता ने राम को हरण को पकड़ कर लाने को कहा और उसकी त्लास्खोज में राम बहुत दूर चले गये तब सीता जी ने लक्ष्मण को उनकी मदद करने को भेज दिया और सीताजी घर पर अकेली रह गई तब रावण साधू के वेश मे आकर माता सीता का अपहरण करके ले गया। राम लक्ष्मणजी जी की साथ सीता जी को खोजने निकले तब उनको जंगल में कुछ आभूषण मिले जिनमे सीता जी का कर्णफूल भी था तब श्रीराम ने लक्ष्मण से पूछा क्या तुम सीता के इस कर्णफूल को पहचानते हो तो लक्ष्मण बोले कि कर्णफूल भाभी के हैं या नहीं मैं कैसे बता सकता हूँ? मैंने तो कभी भाभी के मुख की ओर देखा ही नहीं। लक्ष्मण ने कहा कि मैंने तो सेवक और पुत्र भाव से सदा भाभी के चरणों को देखा है इसलिए मैं सिर्फ उनकी पायल को पहचानता हूँ।


राम लक्ष्मण को सिरविहीन राक्षस कबंध मिला राम न्र उसको यातना से मुक्त कर दिया तब उसने राम को सलाह दी कि रावण का सामना करने से पहले, आपको वानरों के राजा सुग्रीव की मदद लेनी चाहिए। श्री राम की हनुमान जी के साथ पहली मुलाकात का किस्सा बेहद दिलचस्प है।

राम की सेनाओं और राक्षसों के बीच कई युद्धों की एक श्रृंखला हुई, लेकिन अंततः रावण मारा गया, लंका पर राम की विजय हुई, और राम अपनी पत्नी सीता से मिल गए और वापस अपनी नगरी अयोध्या लौट गए। अयोध्या आगमन के बाद राम ने कई वर्षों तक अयोध्या का राजपाट संभाला और इसके बाद गुरु वशिष्ठ व ब्रह्मा ने उनको संसार से मुक्त हो जाने का आदेश दिया. इसके बाद उन्होंने जल समाधि ले ली थी। राजा राम ने भाईचारे और भाई भाई के मध्य प्यार स्नेह की अनूठी मिसाल स्थापित की थी। राम अपने भाईयों भरत लक्ष्मण शत्रूघन को अपने प्राण से भी ज्यादा प्रिय थे। सतयुग में राजाओं की अनेक पत्नियां होती थी किन्तु राजा राम ने एक पत्नी व्रत का पालन किया। अपनी धर्म पत्नी को रावण के चगुल से छुडाने के लिए धर्म युद्ध किया और रावण का वध करके राम भक्त विभिष्ण को लंकापति बनाया। राम ने निस्वार्थ भाव से राज्य किया और राज धर्म का पुरी तरह पालन किया। वानर राज बाली का वध करके अपने मित्र सुग्रीव को वानर राज मनाया इसी प्रकार शरण में आये विभिष्ण को लंकापति बनाया। निसंदेह भक्त और एक-दूसरे के पूरक होते हैं। राम भक्त हनुमान ने अपने सीने को चीर कर सबको राम-लक्ष्मण और माता सीता के दर्शन करवाए थे। भक्त हनुमान ने ही सुग्रीव विभिष्ण को प्रभु राम की शरण में भिजवाया था। संजीवनी बूटी लाकर लक्स्मन जी को जीवन दान देने वाले भक्त हनुमान ही थे। माता सीता की लंका जाकर खोज करने वाले पवन पुत्र हनुमान ही थे। राम और लक्ष्मण को अहिरावण की कैद से छुडाने वाले भी भक्त हनुमान ही थे। इसीलिए आज भी हनुमान जी की पूजा-अर्चना की जाती है।

राम नवमी को भगवान राम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। खुशी और उल्लास के इस त्योहार को मनाने का उद्देश्य हमारे भीतर 'प्रेम स्नेह करुणा संवेदनशीलता और ज्ञान' के प्रकाश का उदय करना है। हम सभी अपनी अपनी आस्था के साथ सुखमय जीवन जिए इसी के साथ हमारे मन के अंदर दर्द, गरीबी, बीमारी, शोक दुराचार या योंणशोषण बलात्कार का नामो निशान नहीं रहे। हम भारत में पुःन रामराज स्थापना का संकल्प लेकर देश के समस्त नर नारी को चाहे वो अमीर गरीब ब्राह्मण क्षत्रीय वैश्य शुद्र मुलमान सिख ईसाई फारसी हो को बिना भेदभाव के तुरंत न्याय प्राप्त कराएं। हमारे शासक राजनेता अधिकारी सही मायनो में राज धर्म का पालन करें। हम सभी सत्य और अहिंसा का पालन करते हुए नैतिक जिम्मेदारी और आत्म-अनुशासन का पालन करने का संकल्प लें। इन्हीं संकल्पों के साथ 30 मार्च 2023 को सनातन धर्मी हर्ष उल्लास के साथ रामनवमी मनाएं।

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# सरकारी दमनचक्र और बिकाऊ मीडिया



डॉ. संदीपन मुकुल

एक बात पहले से साफ़ कर दूं कि इस आलेख का संबंध किसी व्यक्ति विशेष की वाक शैली से नहीं है।

फ़ारसी का एक लफ़्ज है 'तोताचश्मी' जिसका अर्थ है वह व्यक्ति जो बेवफा और नाशुक्रगुजार हो। प्रदेश के नादिरशाह ऐसे ही हैं। नादिरशाह की पुत्रवधु को प्रसव पीड़ा हुई तो जयपुर के एक नामी गिरामी निजी अस्पताल ले आए। जब नादिरशाह के सीने में दर्द हुआ तो स्टेंट लगाने के लिए एक निजी अस्पताल के कुशल कार्डियोलॉजिस्ट को तलब किया गया ! सबने अपना चिकित्सक धर्म निभाया और आज सब कुछ ठीक ठाक है। लेकिन नादिरशाह ये सब भूल गए। उनके लिए तो मयूर सिंहासन ही सबकुछ है। वे सिंहासन को उठा कर साथ ले जाना चाहते हैं। और क्यों नहीं? 4 साल जनता को पूरी तरह भुला के इसी मशक्कत में ही तो लगे रहे हैं ! तो सोचा आखिरी साल में कुछ ऐसा किया जाए कि कब्ज़ा क़ायम रहे। तो वे ले आए एक काला कानून जिसके तहत निजी चिकित्सकों की बलि चढ़ा कर वाह वाही लूटी जा सके।

उन्हे ज़रा भी अंदाजा नहीं था कि वे किस सुप्त शक्ति से छेड़ छाड़ करने जा रहे हैं। जब ज्वालामुखी फटा तो दाएं बाएं देखने लगे। 27 मार्च की रैली में जब आक्रोश का विकराल रूप देखा तो आंखे फटी रह गईं। कमज़ोर जिसे वे समझते थे, वह तो अथाह शक्ति का सागर है !

न लाठी से, न पानी की तोप से, न बहलाने से, न आंखे दिखाने से: किसी भी तरह ये आंदोलन तो रुक नहीं रहा।

तो फिर नादिरशाह ने शुरू किया माया का तिलिस्म। अब अफ़सोस की बात है कि हमारा मीडिया है बिकाऊ। पैसा फेंको और छमिया से जिस सुर में चाहो गीत गवा लो।

स्तरहीन पत्रकारिता ने फुल पेज इश्तिहार के लालच में पहले पन्ने की ख़बर को पिछले पन्नों में दबा दिया। प्रदेश के एक ऐतिहासिक आंदोलन की ख़बर को तीये की बैठक की सूचना की तरह छापा गया।

जो रोज़ चिकित्सक धर्म की दुहाई देते थे, वही पत्रकारिता धर्म का श्राद्ध करते दिखाई दिए, जहां यजमान नादिरशाह और ग्रहण करने वाले प्रसिद्ध संपादक और पत्रकार! और इस पार्टी का खर्चा किसने उठाया ? भोली जनता ने !

कल सुबह इस दमनकारी, अत्याचारी, सत्ता लोलुप सरकार के ताबूत में एक कील ठोकी जाएगी, जब हमारे चिकित्सा शिक्षक और सरकारी सेवारत साथी इस आंदोलन से जुड जायेंगे।

**''लहरों को बांधा जाए तो दरिया कितना भी हो पुरसुकून बेताब होता है**

**और इस बेताबी का अगला क़दम सैलाब होता है!''**

हो सकता है की सरकार अपना दमन चक्र और तेज़ कर दे। लेकिन अब ये संग्राम ऐसे मोड़ पर है की सिर्फ़ सच और न्याय की ही जीत हो सकती है।

हो सकता है कि बिकाऊ मीडिया झूठ के अंबार लगा दे और नकारात्मक खबरों से अख़बार भर दे। लेकिन हमारे हौसले के आगे ये कागज के महल ढह जायेंगे। हमारी जीत सुनिश्चित है क्योंकि सच हमारे साथ है !

बार-बार प्रश्न पूछा जायेगा: मरीजों का क्या होगा? असली आपात स्थिति में हम जनता के साथ हैं। बाक़ी इंतज़ार कर सकते हैं।

**–डॉ. संदीपन मुकुल**

# कैलादेवी माता के 2.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये

**करौली,** (निसं)। उत्तर भारत के प्रसिद्ध प्रमुख शक्ति पीठों में शामिल कैलादेवी का चैत्र मास में लगने वाला वार्षिक लक्खी मेला अपने पूरे परवान पर चल रहा है। दुर्गाष्टमी पर प्रातः3 बजे से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गई माता के जयकारे लगाते श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे और माता के दर्शन कर खुशहाली की मनौती मांग रहे हैं। दरबार में श्रद्धालुओं कि इतनी भीड़ थी कि करीब 1 घंटे बाद माता के दर्शन हो पाये।

कैलादेवी मेले में माता के भक्तों का भारी सैलाब उमड़ रहा है। 19 मार्च से 4 अप्रैल तक चलने वाले मेले में राजस्थान के अतिरिक्त करीब आधा दर्जन राज्यों से 50 लाख से अधिक श्रद्धालु कैला मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वहीं मेले के दौरान अब करीब 35 लाख से अधिक भक्त अपनी हाजरी लगा चुके हैं। मेले में सर्वाधिक भीड दुर्गाष्टमी एवं रामनवमी को रहती है जिसमें दो दिनों में ही करीब 8 लाख श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मेले में राजस्थान के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा आदि प्रांतों के श्रद्धालु भी भारी संख्या में आते हैं। मेले में ट्रेन व बस के अतिरिक्त बड़े पैमाने पर पैदल यात्रियों का जत्था भी कैला मैया के द्वार पहुंचता है। कई श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर पैदल ही

**■ माता के जयकारे लगाते श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे और माता के दर्शन कर मनौती मांगी**

माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान नवविवाहित जोड़े,बच्चे के जन्म और घर में कोई भी शुभ काम होने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता की जात करने पहुंच रहे हैं।

इधर दुर्गा अष्टमी के अवसर पर प्रातः महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैलादेवी मंदिर के ट्रस्टी पूर्व नरेश कृष्ण चंद्र पाल एवं उनके पुत्र विवश्वत पाल ने राज्याचार्य प्रकाश चंद जती के मंत्रोच्चारणों के बीच माता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण माता के जयकारों से गुंजायमान होता रहा देखने लायक यह रहा कि मंदिर ट्रस्ट के सजग अधिकारियों की निगरानी के चलते मंदिर में एक बड़ा हादसा होने से टल गया मंदिर में प्रातः 5:30 बजे के करीब दो संदिग्ध व्यक्ति प्रवेश कर गए जिन्हें मंदिर से निकलते समय संदिग्ध मानते हुए पकड़ लिया गया उनसे कैलादेवी आने व निवास स्थान का पता पूछा तो वह संतुष्ट जवाब नहीं दे पाए और उनके सामान की जब तलाशी ली गई तो उनके पास मदरसे की रसीद और भारी संख्या में नकदी मिली।

जिन्हें संदिग्ध मानते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान पुलिस भी सतर्क हो गई और पूरे मंदिर प्रांगण में पड़ी पूजा की सामग्री को खंगालना शुरू कर दिया और आपत्तिजनक वस्तु या कोई अन्य पॉलिथीन की थैली को भी पूरी तरह से जांच पड़ताल की गई। दोपहर बाद तक जब कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली तो पुलिस ने राहत की सांस ली हालांकि अभी तक दोनों व्यक्तियों को कैलादेवी थाना पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# अलवर कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को मिला "मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार"

**जयपुर/अलवर/हनुमानगढ़,** (निसं)। अलवर कलेक्टर तथा राजस्थानी व हिंदी के चर्चित साहित्यकार डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को उनकी कथाकृति भरखमा के लिए राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर की ओर से वर्ष 2022-23 का मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। इस आशय की घोषणा बुधवार सांय अकादमी अध्यक्ष शिवराज छंगाणी ने की।

उल्लेखनीय है कि हनुमानगढ़ जिले के धन्नासर गांव निवासी डॉ. सोनी वर्तमान में अलवर जिला कलेक्टर हैं तथा इनके उम्मीदों के चिराग, रेगमाल (हिंदी कविता संग्रह), रणखार (राजस्थानी कविता संग्रै), भरखमा (राजस्थानी कहाणी संग्रै), यादावरी (हिंदी डायरी), एडियोस (हिंदी कहानी संग्रै), म्हारै पांती रा पाना (प्रसिद्ध कवि हरिभजन सिंह रैणू के पंजाबी कविता संग्रह का राजस्थानी अनुवाद), देहरा मांय आज ई उगै है आपणा रूंख (रस्किन बांड के साहित्य अकादेमी से पुरस्कृत अंग्रेजी कहाणी-संग्रह का राजस्थानी अनुवाद), भणाई रो मारग (महात्मा गांधी के शिक्षा का माध्यम विषय पर लिखे हुए लेखों का संचय और अनुवाद) और निर्वाण (डॉ. मनमोहन सिंह के साहित्य अकादेमी से पुरस्कृत पंजाबी उपन्यास का हिंदी अनुवाद) आदि कृतियां प्रकाशित हैं। साहित्यकार डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने केंद्रीय और राज्य सेवा के प्रशासनिक अधिकारियों की हिंदी कविताओं के संग्रह कविता परस्पर तथा शिक्षा विभाग राजस्थान के लिए हिंदी कविता संग्रह शब्दों की सीप का संपादन भी किया है।

साहित्यकार डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को राजस्थानी कविता संग्रह रणखार के लिए साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार भी मिल चुका है तथा आप लेखन के अलावा फोटोग्राफी, साइक्लिंग अर घुमक्कड़ी में विशेष रुचि रखते हैं। पुरस्कृत कहानी संग्रह भरखमा की एक कहानी पर फ़िल्म का भी निर्माण हो रहा है।

# सरकारी व निजी चिकित्सकों की हड़ताल जारी

## आर.टी.एच. के प्रस्तावित विधेयक को वापस लेने की मांग करी बुलंद




पावटा उपखण्ड में डॉक्टरों की हड़ताल से मरीज परेशान रहे।



चिकित्सकों की हड़ताल को लेकर निवाई के अस्पताल में लगी रोगियों की कतारें।

■ **पावटा उपखंड सहित आस-पास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई**

**पावटा,** (निसं)। राजस्थान में राइट टू हैल्थ प्रस्तावित विधेयक के विरोध में बुधवार को पूरे पावटा उपखंड सहित आस पास के क्षेत्रों में मेडिकल सेवाएं बंद रहीं। प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों के समर्थन में सरकारी हॉस्पिटल के सभी रैंक के डॉक्टरों ने बुधवार को पूरे दिन सामूहिक कार्य बहिष्कार किया। इस कारण पावटा उपखंड सहित आस पास के क्षेत्रों में पीएचसी, सीएचसी, उप जिला हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में ओपीडी सर्विस बंद रही।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बताया कि मेडिकल ऑफिसर और पीएचसी-सीएचसी के डॉक्टर्स की यूनियन अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ अरिसदा के आव्हान पर बंद के दौरान केवल ओपीडी का बहिष्कार रहा। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को इलाज दिया गया। इसके लिए हमने यहां व्यवस्थाएं करते हुए डॉक्टर्स की राउंड दी क्लॉक ड्यूटी लगाई थी। ऐसे में बुधवार को मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

वहीं भाजपा पूर्व प्रदेश महा मंत्री कुलदीप धनकड़ ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को अवगत करवाते हुए राजस्थान में निजी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा राईट टू हैल्थ बिल विधानसभा में पारित होने के बावजूद बिल के विरोध में हडताल-प्रर्दशन किये जा रहे है जिससे मरीजों के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों की मांग को सुनकर शीघ्र वार्ता करके उचित समाधान की मांग की।

## निवाई में भी चिकित्सक हड़ताल पर रहे

■ **मरीजों को देखने के लिए वैकल्पिक रूप से चार चिकित्सक लगाए**

**निवाई,** (निसं)। राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में बुधवार को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भी चिकित्सक हड़ताल पर रहे।

राजस्थान में कई सालों बाद प्राइवेट और सरकारी अस्पताल के चिकित्सक एक साथ सामूहिक हड़ताल पर हैं। प्रदेश के आव्हान पर सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने एक दिन के लिए ओपीडी सर्विस का बहिष्कार किया। ओपीडी सेवा बंद कर देने से मरीजों को परेशानी उठानी पडी। ब्लॉक सीएमएचओ शैलेंद्र चौधरी ने बताया कि सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों द्वारा राइट टू हेल्थ का विरोध किया जा रहा है जिसके तहत चिकित्सकों ने ओपीडी सर्विस बंद की है। लेकिन अस्पताल में अन्य जिलों से मरीजों को देखने के लिए चिकित्सक लगाए गए हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए लगाए गए चिकित्सक अस्पताल में आने वाले मरीजों का इलाज कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगाए गए चिकित्सकों ने ओपीडी में रोगियों का इलाज किया। डॉ. के के विजय ने बताया कि राजस्थान के चिकित्सकों द्वारा राइट टू हेल्थ का विरोध किया जा रहा है।

## निजी अस्पताल में ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बंद रही

**जालोर,** (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय अस्पताल के सभी डॉक्टर भी राइट टू हेल्थ प्रस्तावित विधयेक को लेकर निजी डॉक्टरों के समर्थन को लेकर सरकारी डॉक्टर हडताल पर रहे। वहीं अस्पताल में पीएमओ ने चिकित्सा व्यवस्था का बीड़ा उठाया है। वहीं 21 डॉक्टरों के हडताल पर चले जाने से चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है। जालोर में राइट टू हेल्थ प्रस्तावित विधयेक के विरोध में निजी अस्पताल में ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बंद हैं। निजी अस्पताल के डॉक्टर्स बिल का विरोध कर रहे हैं। उनके समर्थन में पिछले 2 दिन से जालोर के रेजिडेंट डॉक्टर भी दो-दो घंटे कार्य बहिष्कार कर रहे थे।

पीएमओ डॉ. पूनम टॉक ने बताया कि अस्पताल के 21 डॉक्टर राइट टू हेल्थ प्रस्तावित विधयेक के विरोध में और निजी डॉक्टर और अस्पताल संचालकों के समर्थन में हडताल पर चले गए हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. एसएल सुथार, डॉ. नेंनमल परमार, डॉ. विकास काला सहित 7 अन्य डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसलिए मरीजों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। 21 डॉक्टरों द्वारा हड़ताल पर जाने से सरकारी अस्पताल की व्यवस्था में कई समस्याएं भी हुई। हडताल के बीच स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपलों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ओपीडी, आईपीडी, आईसीयू, इमरजेंसी और प्रसूति वार्ड में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों। सायला में राज्य सरकार की ओर से विधानसभा में पारित किए गए 'राइट टू हेल्थ' बिल का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित सभी प्राइवेट हॉस्पिटल पर ताले लटक रहे है। वहीं सरकारी चिकित्सक बुधवार को सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार कर हडताल पर रहे।

## पाली में डॉक्टर्स ने काली पट्टी बांध किया काम

■ **तखतगढ़ में महिला की मौत, सुमेरपुर में डॉक्टर ने चाय बेचकर विरोध जताया**

**पाली,** (नि.सं.)। राइट टू हेल्थ प्रस्तावित विधयेक को लेकर विरोध में बुधवार को भी बांगड़ हॉस्पिटल के डॉक्टर्स सुबह 9 से 11 बजे तक कार्य बहिष्कार पर रहे। उसके बाद डॉक्टर्स ने काली पट्टी बांध आउटडोर में ड्यूटी देते नजर आए। निजी हॉस्पिटल में बुधवार को भी सन्नाटा पसरा नजर आया।

निजी क्लिनक चलाने वाले डॉक्टर्स भी पूरे दिन हड़ताल पर रहे। वहीं सुमेरपुर में एक निजी हॉस्पिटल के डॉक्टर ने चाय बेच विरोध जताया। तखतगढ़ में एक गर्भवती महिला की रेफर करने के दौरान मौत हो गई। पाली में बांगड़ हॉस्पिटल के डॉक्टर बुधवार को भी दो घंटे कार्य बहिष्कार पर रहे और निजी हॉस्पिटल में अभी भी सन्नाटा पसरा हुआ है। ऐसे में बांगड़ हॉस्पिटल में मरीजों का वर्क लोड कुछ बढ़ा हुआ है। जहर खाने वाली गर्भवती महिला और सड़क हादसे में घायल हुए युवक को ट्रोमा वार्ड से प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया।

बांगड़ हॉस्पिटल में चिकित्सा व्यवस्था कंट्रोल में नजर आई। सुबह के करीब साढ़े 11 बज रहे थे। बांगड़ हॉस्पिटल के नए आउडडोर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ ओपी शाह, नेत्ररोग विशेषज्ञ विपुल नागर, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरूद्ध, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ योगी मरीज देखते नजर आए। बुधवार को आउटडोर में अपेक्षाकृत कम रोगी देखने को मिली। यहां से हम हॉस्पिटल के पुराने में गए। वहां मरीजों की भीड़ देखने को मिली। रेजिडेंट डॉक्टर्स के साथ वरिष्ठ डॉ प्रवीण गर्ग यहां व्यवस्था संभाले नजर आए। गायानिक आउटडोर में डॉ शिवचरण मीणा और रेजिडेंट डॉक्टर बैठे नजर आए। यहां टीकाकरण के लिए लाइन देखने को मिली।

**गर्भवती महिला ने खाया जहर, जोधपुर रेफर :-** हॉस्पिटल के सभी आउटडोर में घूमकर ट्रोमा वार्ड में पहुंचे तो यहां एक्सीडेंट में घायल हुए 4 जनों का इलाज डॉ जोनसन व अन्य डॉक्टर करते नजर आए। एक गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया। इतने में एक गर्भवती महिला के जहर खाने का केस आ गया। हालत गंभीर होने पर उसे भी प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया।

**ऑपरेशन के लिए इन्तजार :-** बिना पहचान बताए एक मरीज के परिजन ने बताया कि उनके पिता का पैर टूट गया। तीन दिन हो गए। हॉस्पिटल में भर्ती है ऑपरेशन होना है लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। इसी तरह हड्डी वार्ड में भर्ती एक वृद्ध महिला के परिजनों को भी ऑपरेशन का इन्तजार पिछले करीब पांच दिनों से करना पड़ रहा है

**बांगड़ हॉस्पिटल में व्यवस्था माकूल :-** बांगड़ हॉस्पिटल की व्यवस्था को लेकर हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ पीसी व्यास ने कहा कि हॉस्पिटल में व्यवस्था ठीक है। डॉक्टर्स सुबह 9 से 11 बजे तक हड़ताल पर रहे। उसके बाद उन्होंने आउटडोर में ड्यूटी दी है। उन्होंने आउटडोर का निरीक्षण भी किया।

## आयुष चिकित्सकों ने अस्पताल में मोर्चा संभाला

**राजगढ़,** (निसं)। राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों की हड़ताल के चलते बुधवार को आयुष चिकित्सकों ने पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में मोर्चा संभाला। चिकित्सकों की हड़ताल के चलते उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पुरुष चिकित्सालय में आयुष चिकित्सक चेतन प्रधान एवं भूपेंद्र मीणा ने एवं महिला चिकित्सालय में चिकित्सक उर्मिला मीणा, भावना व्यास ने मरीजों का उपचार किया। स्टाफ नर्स की ओर से महिलाओं की डिलीवरी भी कराई गई। उपखंड अधिकारी ने चिकित्सालय कर्मचारियों से पंजीकरण काउंटर के बाहर छाया के अभाव में हो रही परेशानी व अन्य समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। बुधवार को दोनों चिकित्सालय में करीब 400 रोगियों का उपचार एवं निदान किया गया।

## थाने में युवक ने लगाई फांसी

**उदयपुर,** (कासं)। पूछताछ के लिए थाने लेकर आए युवक ने हवालात में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। युवक ने आत्महत्या के लिए अपनी जूतों की लैस से फंदा बनाया और लटक गया। पुलिस ने मृतक के शव को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया है। गुमशुदगी मामले में युवक को पूछताछ के लिए थाने लेकर आए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को जिले के परसाद पुलिस थाने के हवालात में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। युवक को फंदे से नीचे उतार परसाद चिकित्सालय से रैफर करवा एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के झल्लारा पुलिस थाने के कोठार गांव निवासी अर्जुन मीणा (28) पुत्र केवजी मीणा दो माह पूर्व परसाद थाना क्षैत्र ढेलाई गांव निवासी महिला को भगा ले गया था। इस पर परसाद पुलिस थाने में गुमुशगी दर्ज हुई थी। बताया जाता है कि बुधवार सवेरे पुलिस अर्जुन व महिला को दस्तियाब कर थाने लेकर आई थी। जहां अर्जुन को हवालात में डाल दिया था। दोपहर में महिला के पूछताद करने का पता चलने पर अर्जुन ने अपने जूते की लैस से हवालात में फांसी लगा ली। इसको देख एएसआई अशोक मय जाप्ता ने उसे परसाद चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित करने पर एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया।

## चिकित्सकों की हड़ताल ने निगली एक जिंदगी

**सूरजगढ़,** (निसं)। निजी चिकित्सकों की हड़ताल ने इलाज के अभाव में एक जिंदगी निगल ली। सज्जन भड़िया ने बताया कि घरडू निवासी नगेश भड़िया (36) पुत्र देवकरण भड़िया का हाल ही में दिल्ली मैक्स हॉस्पिटल में लीवर ट्रांसप्लांट हुआ था। अचानक 28 मार्च की शाम को नगेश को सांस लेने में तकलीफ हुई। जिस पर दिल्ली मैक्स अस्पताल के डॉक्टर ने तुरंत वेंटिलेटर पर लेने की सलाह दी। परिजन नगेश को लेकर चिड़ावा के निजी अस्पतालों के चक्कर लगाते रहे हड़ताल होने के कारण डॉक्टर उपलब्ध नहीं हुए आखिर में चिड़ावा के सरकारी अस्पताल में नगेश को भर्ती करवाया। जहां पर वेंलटीनेटर नहीं होने के चलते इलाज नहीं हो पाया। डॉक्टरों ने नगेश को मृत घोषित कर दिया।

## तीन युवकों को ट्रेलर ने कुचला, मौत

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकटवर्ती पनियाला थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार जनों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इनमें कस्बे की ढाणी डांसावाली निवासी तीन युवक भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार राजमार्ग स्थित ग्राम जैनपुरबास सोतानाला पुलिया के पास हरियाणा के अटेली थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर निवासी कृष्ण कुमार (25) पुत्र बाबूलाल मेघवाल की मौत हो गई। पनियाला थाने के एएसआई रतन सिंह ने बताया कि मृतक कृष्ण कुमार जैनपुरबास में अपनी पत्नी से मिलने के लिए आया था। मृतक हरियाणा मेडीकल विभाग में कार्यरत था। जिसके राजमार्ग पर चढ़ते ही जयपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर ने बाईक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाईक ट्रेलर के आगे जा फंसी। जिससे मृतक के दोनों पैर पुरी तरह कुचल जाने के कारण उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद राजमार्ग पर लम्बा जाम भी लग गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

वहीं दूसरी ओर बहरोड़ से शादी समारोह के लिए कपड़े खरीद कर लौट रहे कस्बे के श्याम मंदिर के निकट ढ़ाणी डांसावाली निवासी तीन युवकों की भी ग्राम मलपुरा स्थित केशवाना पुलिया के समीप सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार तीनों युवक सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे जिन्हें एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में विक्रम (20) पुत्र रमेश सैनी, देशराज (20) पुत्र बिरजू सैनी व अभिषेक (21) पुत्र सुरेश सैनी की ट्रेलर से कुचले जाने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। तीनों युवकों के परिवार में गुरूवार को शादी समारोह भी है। इस दौरान जिला अस्पताल में भारी भीड़ भी जमा हो गई।

## बहन को छेड़ने पर युवक की हत्या

**भीलवाड़ा,** (निस)। शहर के सुभाष नगर क्षेत्र की आरके कॉलोनी में बीती देर रात बहन को छेड़ने से नाराज भाईयों ने एक युवक की बेट व बेसबॉल के डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत फेल गई। इधर, सूचना मिलने के बाद एडिशनल एसपी चंचल मिश्रा, सीओ सदर रामचंद्र चौधरी, सुभाषनगर सीआई नंदलाल रिणवां, प्रतापनगर सीआई राजेन्द्र गोदारा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घायल युवक को हॉस्पिटल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सुभाष नगर थाना प्रभारी नंदलाल रिणवा ने बताया कि थाना क्षेत्र के आरके कॉलोनी में सत्यम कांप्लेक्स क्षेत्र में सनमून स्कूल के पास बाइक सवार बदमाशों ने विवाद के बाद इसी मोहल्ले में रहने वाले कन्हैयालाल उर्फ पिंटू कुमावत के साथ बैट और बेसबॉल के डंडों से मारपीट की जिसके कारण कन्हैयालाल बचकर भागने लगा, लेकिन कुछ मीटर की दूरी पर जाकर गिर गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाइक सवार बदमाश वारदात के बाद मौक़े से फरार हो गए, जिनमें से देर रात संजय सहित कुछ युवकों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक कन्हैयालाल कुमावत के खिलाफ कुछ दिन पहले क्षेत्र की एक युवती को छेड़ने की शिकायत की थी। उस समय भी कन्हैयालाल के साथ युवती के परिजनों ने मारपीट की। मंगलवार रात को युवती के भाई व उसके दोस्तों ने इसी कारण से उस पर हमला किया था।

## मालपुरा को जिला बनाने की मांग, सड़कों पर उतरा जनसैलाब

### महारैली निकाल स्टेट हाईवे जाम कर धरना दिया, दूसरे दिन भी मालपुरा सम्पूर्ण बंद रहा



मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन में विधायक कन्हैयालाल, पूर्व विधायक रणवीर पहलवान आदि मौजूद रहे।

■ **पूर्व विधायक रणवीर पहलवान 5 समर्थकों के साथ अनशन व धरने पर बैठे**

■ **नौ दिन से आमरण अनशन पर बैठे तीन युवाओं ने मौन व्रत लिया**

**मालपुरा,** (निसं)। प्रदेश की गहलोत सरकार द्वारा मालपुरा विधानसभा क्षेत्रवासियों की भावनाओं से खिलवाड़ कर मालपुरा को जिले से वंचित रखने को लेकर 11 दिन से चल रहे जनआंदोलन में बुधवार को सड़कों पर उतरे जनसैलाब ने जयपुर भीलवाड़ा स्टेट हाईवे जाम कर धरने पर बैठ सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

कोर कमेटी के आव्हान पर बुधवार को दूसरे दिन भी सम्पूर्ण मालपुरा पूर्ण रूप से बंद रहा। गांधीपार्क से महारैली के रूप में रवाना हुए हजारों महिला-पुरूष हाथों में तख्तियां ले सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन करते हुए व्यास सर्किल पहुंचे। एक घंटे से अधिक समय तक स्टेट हाईवे के व्यास सर्किल चौराहे पर चले धरना प्रदर्शन व जाम में विधायक कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व विधायक रणवीर पहलवान, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामविलास चौधरी, पूर्व विधायक जीतराम चौधरी, गोपाल गुर्जर, अवधेश शर्मा, पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष आशा नामा, विश्व हिन्दु परिषद के अमर चन्द मैन्दवास्या, महावीर बघेरा, नन्दलाल डोई व प्रधान सकराम चौपडा, उपप्रधान मूलशंकर शर्मा, पालिका उपाध्यक्ष पवन मैन्दवास्या, कांग्रेस शहर अध्यक्ष इस्हाक नकवी सहित सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, पंच-सरपंच, सीआर-डीआर, पार्षदों ने हजारों की भीड़ के साथ स्टेट हाईवे पर धरना दे मालपुरा को जिला बनाने की मांग की।

आंदोलन का नेतृत्व कर रही कोर कमेटी की ओर से नौ दिन से आमरण अनशन पर बैठे स्वप्रिल भडाणा, कमल सैनी, प्रधान जाट हिन्दु ने एसडीएम महिपाल सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। स्टेट हाईवे पर तीन घंटे से अधिक चले धरना व प्रदर्शन के बाद पूर्व विधायक रणवीर पहलवान मालपुरा को जिला बनाने व अस्थित्व बचाने को लेकर पांच युवकों राजेश कुमार, शिवदयाल, जीतराम व जीतु के साथ अनिश्चितकालीन अनशन व धरने पर बैठ गये। पहलवान ने कहा कि मालपुरा की जनता ने उन्हें खून से तोलकर वोट दे विधायक बनाया था। आज मालपुरावासियों को उनका हक व अधिकार दिलाने के लिए वो अनशन पर बैठ जनता का कर्ज चुकाने आये हैं। दूदू जैसी ग्राम पंचायत को जिला बना गहलोत सरकार ने दलगत व दबाव की राजनीति में आकर मालपुरा से जिला बनने का अधिकार छीना है। जिसे वापस लेने के लिए आमरण अनशन शुरू किया है। यदि समय रहते सरकार होश में नहीं आई तो गांव-ढाणी तक आंदोलन को उग्र कर जेल भरो आंदोलन करते हुए बीसलपुर के सुरजपुरा प्लांट से जयपुर सहित प्रदेश की पेयजल आपूर्ति बंद की जायेगी।

विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि पांच साल के कार्यकाल में गहलोत सरकार के समक्ष पांच दर्जन से अधिक विधानसभा क्षेत्रवासियों के हित में मांगें रखी गई लेकिन कांग्रेस सरकार ने दलगत राजनीति कर संकीर्ण मानसिकता रखते हुए मालपुरा विधानसभा क्षेत्र की एक भी मांग पूरी नहीं की गई। जिसका मुख्य कारण तीस साल से कांग्रेस की हो रही करारी हार व क्षेत्र से भाजपा का विधायक होना है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत मेरे इस्तीफे के बाद ही मालपुरा को जिला बनाने की मानसिकता रखी है तो मैं मालपुरावासियों के हित में विधायक पद से त्याग पत्र देने में भी पीछे नहीं हटूंगा। कांग्रेस नेता रामविलास चौधरी ने कोर कमेटी के प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिलने का विश्वास दिलाया। नौ दिन से अनशन कर रहे तीनों युवकों ने अन्तिम सांस तक अनशन व धरना जारी रखने की घोषणा करते हुए मौन व्रत धारण किया है। गुरूवार को टोडारायसिंह बंद रखे जाने के लिए व्यापारियों ने की घौषणा। तो विजयवर्गीय सेवा सदन में सर्व समाज के अध्यक्षों की बैठक होगी।

## फंदे पर लटकी मिली विवाहिता

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के मलारना डूंगर थाना अंतर्गत ग्राम बरियारा में एक 19 वर्षीय रिंकू गुर्जर प्रेम विवाहिता फांसी के फंदे से लटकी मिली। सूचना पर मलारना डूंगर एस.डी.एम. किशन मुरारी मीणा व थाना प्रभारी राजकुमार मीणा मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे एवं शव को फंदे से नीचे उतारकर एस एफ एल टीम के साथ साक्ष जुटाए। जानकारी के अनुसार मृतका रिंकू गुर्जर (19) बाटोदा थाने के बाढ़ सोहन गांव के शैतान सिंह की पुत्री थी एवं उसके पिता ने बाटोदा थाने में 31 दिसंबर 2022 को अपनी पुत्री रिंकू की गुमशुदगी का मामला दर्ज करा रखा था। करीब 3 माह पहले ही मृतका ने खुशीराम गुर्जर निवासी बरियारा से आर्य समाज के मंदिर में प्रेम विवाह किया था।

सूचना पाकर मृतका के पिता शैतान गुर्जर मौके पर पहुंचे एवं मलारना डूंगर थाने में अपहरण व दुष्कर्म कर हत्या करने का मामला दर्ज कराया। दर्ज रिपोर्ट में बताया गया है कि 31 दिसंबर 2022 को मेरी पुत्री अचानक गायब हो गई जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट बाटोदा थाने में दर्ज कराई गई ढूंढने का प्रयास किया तब पता चला कि खुशीराम, मुन्नालाल, दिनेश, चरतलाल किशोर, धनराज व रामधन निवासी बरियारा, वदयाराम गुर्जर निवासी बाढ सोहन ने अपहरण कर लिया एवं आरोपी खुशीराम, मुन्नालाल व दिनेश ने मेरी मृतका पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया एवं उसे छोड़ने के लिए 20 लाख की मांग की। बुधवार को मुझे मेरी पुत्री की मौत की सूचना मिली।

# 15 सालों से फर्जी डिग्रियां व सर्टिफिकेट बनाकर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## पेपरलीक के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण समेत पांच शातिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। देश के नामी विश्वविद्यालयों और संस्थाओं की फर्जी डिग्रियां व सर्टिफिकेट बनाकर बेचने वाले गिरोह का करणी विहार पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में शिक्षक भर्ती पेपरलीक के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण और उसके चार साथियों अशोक विजय, कैलाश सिसोदिया, अजय भारद्वाज व प्रमोद सिंह को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी अशोक विजय पिछले 15 साल से इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से करीब 4 हजार से अधिक फर्जी डिग्री, मार्कशीट, सर्टिफिकेट डिप्लोमा, माइग्रेशन सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने उनके पास से विभिन्न संस्थाओं की 64 मोहरें, स्टाम्प, हॉलोग्राम, 2 नबंरिग मशीन बरामद की हैं।

डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में सक्रिय नकल गिरोह के अभियुक्त एलची सारण पत्नी भूपेन्द्र सारण, इन्दुबाला पत्नी गोपाल सारण, मोटाराम पुत्र पुरखाराम, दिनेश कुमार खींचड़ पुत्र जालाराम, रमेश कुमार खीचड़ पुत्र भागीरथ विश्नोई के कब्जे से फर्जी डिग्रियां और सर्टिफिकेट मिलने पर 27 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। जिसका मुख्य सरगना चितलाना जालौर हाल रजनी विहार करणी विहार निवासी भूपेन्द्र सारण को हाई सिक्योरिटी कारागृह घूघराघाटी अजमेर में न्यायिक अभिरक्षा में था। पुलिस ने आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ कर गिरफ्तार किया।



करणी विहार थाना पुलिस ने फर्जी मार्कशीट, डिग्रियां व सर्टिफिकेट बनाने वाले पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में भूपेन्द्र ने बताया कि इमलीवाला फाटक के पास स्थित गणेश नगर ज्योति नगर निवासी अशोक विजय से यह फर्जी डिग्रियां, मार्कशीट व सर्टिफिकेट लेता था। इस जानकारी के आधार पर अशोक विजय की तलाश की गई। साथ ही अशोक तथा उसके सहायक गणेश कॉलोनी ईमलीवाला फाटक निवासी कैलाश सिसोदिया को तलाश कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से फर्जी डिग्रियां, मार्कशीट और सर्टिफिकेट बरामद किए।

- आरोपियों के कब्जे से 4 हजार से ज्यादा फर्जी डिग्री, डिप्लोमा, मार्कशीट व सर्टिफिकेट बरामद
- देश की नामी यूनिवर्सिटी और संस्थाओं के फर्जी कागजात तैयार करता था यह गिरोह
- मुख्य आरोपी अशोक ने नकल मामला सामने आने पर ऑफिस सांगानेर में शिफ्ट कर लिया था

पुलिस पूछताछ में अशोक विजय और कैलाश ने बताया कि हाल ही में नकल प्रकरण चर्चा में होने के कारण उन्होंने अपना ऑफिस जयपुर के सांगानेर में शिफ्ट कर लिया। इस पर अभियुक्त अशोक विजय के मनभर मैरिज गार्डन सांगानेर जयपुर में पहुंचकर वहां पर बने ऑफिस से लगभग 50 विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं की फर्जी दस्तावेज तैयार करने के लिए पेज शीट रिम, स्याही (इंक) की शीशियां मिली, जिन्हें जब्त कर लिया।

अशोक विजय ने पूछताछ के दौरान विभिन्न संस्थानों में यह कार्य अजय भारद्वाज और प्रमोद सिंह की सहायता से करवाता है। इस पर पुलिस ने एल.एन नगर सी गांधीपथ करणी विहार निवासी अजय भारद्वाज और नागपुर महाराष्ट्र हाल कुचेरा नागौर निवासी प्रमोद सिंह को अपराध में लिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अशोक विजय 15 से 20 साल से विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में छात्रों का प्रवेश करवाने का काम करता है। शुरु में यह कार्य कुछ मुक्त विश्वविद्यालयों के लिए करता था, जब उसने देखा कि बाहर की अधिकतर शैक्षणिक संस्थाए प्रक्रिया की पालना किए बिना ही डिग्री दे रही है तो उसने स्वयं अपने स्तर पर डिग्री और सर्टिफिकेट देना शुरू कर दिया। आरोपी पेज मेकर और कोरल ड्रा के जरिए हुबहू नकल तैयार कर उन्हीं एनरोलमेंट नम्बर और अन्य विवरणों के आधार पर फर्जी डिग्रियां और मार्कशीट बना देता है। पुलिस को आरोपी के कम्प्यूटर में 25 से अधिक सॉफ्टवेयर मिले हैं।

# प्रताप नगर में एन.आर.आई. स्काई पार्क योजना निरस्त करने की मांग पुन: उठी

- राज आंगन सोसायटी के प्रतिनिधियों ने आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा से मुलाकात कर चर्चा की
- एनआरआई कॉलोनी में मल्टीस्टोरी फ्लैट्स की भूमि के व्यावसायिक और सामुदायिक उपयोग की मांग

**जयपुर**। प्रताप नगर सेक्टर-24 में हाऊसिंग बोर्ड की प्रस्तावित एनआरआई स्काई पार्क योजना को निरस्त करने की मांग पुन: उठ गई है। बुधवार को राज आंगन सोसायटी के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा से मुलाकात कर इस सबंध में चर्चा की। प्रतिनिधियों ने मल्टी स्टोरी फ्लैट्स की स्काई पार्क योजना को निरस्त करते हुए इस भूमि को व्यवसायिक और सामुदायिक उपयोग में लेने का आग्रह किया।

आवासन आयुक्त ने उनकी मांग को सहानुभूतिपूर्वक सुना और सकारात्मक सोच के साथ समाधान करने के लिए आश्वस्त किया। अरोड़ा ने कहा कि मंडल इस बारे में विचार कर जल्द ही फैसला लेगा।

सोसायटी के सचिव संजय हरपावत ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से स्काईपार्क की भूमि पर बेहतर व्यवसायिक और सामुदायिक उपयोग को दर्शाया। उन्होंने कहा कि मल्टीस्टोरी योजना से राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को जो आय प्राप्त हो रही थी उससे अधिक है राशि इस प्रस्ताव से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से सोसाइटी के निवासियों का जनआक्रोश भी समाप्त होगा।

सोसाइटी अध्यक्ष शशि भार्गव ने कहा कि राज आंगन सोसायटी एक प्लॉटेड स्कीम है जबकि बहुमंजिला फ्लैट आने से सोसाइटी के निवासियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इस भूमि का व्यवसायिक और सामुदायिक उपयोग होने से क्षेत्र का बफर जॉन भी मेंटेन किया जा सकेगा। बैठक में राज आंगन सोसायटी के अध्यक्ष शशि भार्गव, संस्थापक अध्यक्ष शेखर गर्ग, सचिव संजय हरपावत सहित ऋषिपाल सिंह और निलेश उपस्थित रहे। मंडल की ओर से मुख्य अभियंता प्रथम के.सी.मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया, अमित अग्रवाल मौजूद थे।

## सार-समाचार

### मंत्रालयिक कर्मचारियों का अनशन जारी




**जयपुर**। मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा शहीद स्मारक पर किए जा रहे क्रमिक अनशन के 14 दिन आज दो और महासंघों ने अपना समर्थन दिया। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आयुदान सिंह कविया एवं कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री की विशिष्ट सचिव आरती डोगरा, मुख्यमंत्री के सचिव कुलदीप राका, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा से भेंट कर मंत्रालयिक एकता मंच से शीघ्र वार्ता किए जाने की मांग की है। देवेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में मंत्रालयिक एकता मंच के तत्वावधान में आज क्रमिक अनशन के चोदहवें दिन सुभाष शर्मा के नेतृत्व में संजय शर्मा, अजय, रविंद्र सिंह शेखावत और मुकेश बैरवा शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों की मुख्य मांगें द्वितीय पदोन्नित के पद सहायक प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेड पे 4200 करने, एक नया पदोन्नित का पद उप निदेशक प्रशासन ग्रेड पे 8700 में सृजित करने, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ सहायकों के काटे गए पदों को बहाल करने, कनिष्ठ सहायक का आरंभिक वेतन 25500 करने, पंचायती राज संस्थाओं के कार्मिकों को भी राज्य कर्मचारी मानते हुए अन्य विभागों के समान पदोन्नित के पद सृजित करने तथा गृह जिला समायोजन, कनिष्ठ सहायक की शैक्षिक योग्यता स्नातक करने, पदोन्नित हेतु अनुभव में पूर्ण शिथिलता देने, चिकित्सालय एवं विद्यालयों में मंत्रालय कर्मचारियों को 5 दिन का सप्ताह करने, कंप्यूटर टंकण परीक्षा विभाग स्तर पर आयोजित करवाने की है।

### प्रवासियों से जयपुर के लिए समर्थन मांगा

**जयपुर**। "म्हारो-जैपर-प्यारो-जैपर" अभियान से जुडे जयपुर के प्रतिनिधि मण्डल ने आज विदेश में रहने वाले अप्रवासी राजस्थानियों से जयपुर शहर को बाँट कर दो जिला बनाये जाने के सरकार के आशय पर सरकार से ऐसा ना करने के लिए सरकार को पत्र लिखने के लिए आग्रह किया है। म्हारो-जयपुर-प्यारो-जयपुर अभियान के सुनील कोठारी ने बताया कि व्यापार करने व अन्य कार्य के लिए जयपुर के बड़ी संख्या में नागरिक आज अपने परिवार के साथ विदेश मे रह रहे है और वहाँ अपना जीवन यापन कर रहे है। किन्तु उनकी जडे आज भी जयपुर से पूरी तरह जुडी हुई हैं। वे लोग आज भी जयपुर से उतना ही प्यार करते है जितना वो यहाँ रहते हुए करते थे। आज इस आशय का एक पत्र अप्रवासी राजस्थनियों की संघठनों को लिखा गया कि वे सरकार को एक पत्र लिखकर आग्रह करें। जयपुर की जो पहचान पूरे विश्व में है उसे कायम रखते हुए जयपुर शहर को एक ही जिला बनाएं रखें और उसमें जयपुर की मूल विरासत और संस्कृति को जोडे रखते हुए जयपुर शहर (ग्रेटर एवं हेरिटेज) जिले की सीमा निर्धारित करे।

### जी-20 विशेषज्ञ समूह का गठन

**जयपुर**। भारत की जी-20 अध्यक्षता के तत्त्वावधान में बहुपक्षीय विकास बैंकों (मल्टीलेटरल डेवलपमेंट बैंक्स-एमडीबी) को मजबूती देने के लिये एक जी-20 विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया है। 21वीं शताब्दी के लिये एक उन्नत एमडीबी इको-प्रणाली का रोडमैप तैयार करना, जिसमें विभिन्न पडावों तथा समय-सारिणियों को शामिल किया जायेगा। इसके तहत एमडीबी के सभी पहलुओं को रखा जायेगा, जो परिकल्पना तक ही सीमित नहीं रहेंगे। परिकल्पना को शामिल करते हुये प्रेरक संरचना, परिचालन समझ और वित्तीय क्षमता पर भी ध्यान दिया जायेगा, ताकि एमडीबी विस्तृत सतत विकास लक्ष्यों तथा जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य जैसी सर्वव्यापी चुनौतियों को मद्देनजर रखते हुये वित्तपोषण कर सकें। एमडीबी सतत विकास लक्ष्य और सर्वव्यापी चुनौतियों के हवाले से अपनी और सदस्य देशों की बढी हुई वित्तीय जरूरतों के वित्तपोषण के सम्बंध में विभिन्न तरह के आकलन करेंगे। इसके लिये वे अतिरिक्त क्षमता को ध्यान में रखेंगे। इस अतिरिक्त क्षमता को सीएएफ सिफारिशों तथा निजी व सार्वजनिक सेक्टर निधियों (एएनडी) जैसे अन्य महत्त्वपूर्ण स्त्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है।

### प्रमुख सचिव से मिली पूनम छाबड़ा

**जयपुर**। शराबबंदी आंदोलन की अलख को देशभर में पहुंचाने वाली पूनम अंकुर छाबड़ा ने बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रमुख सचिव से मुलाकात की और सूरतगढ्ढ जिला बनाओ समिति के समर्थन में ज्ञापन दिया। पूनम छाबड़ा ने बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव कुलदीप रांका से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सूरतगढ़ जिला बनाने की मांग बरसों पुरानी है। दिवंगत विधायक स्व. गुरुशरण छाबड़ा भी इस मुद्दे पर आंदोलन भी कर चुके हैं और सरकार तक अपनी मांग को भी रख चुके हैं। पूनम छाबड़ा ने प्रमुख सचिव के साथ लम्बी वार्ता के दौरान यह भी जानकारी दी कि सूरतगढ्ढ जिला बनाने की मांग को लेकर उमेश मुद्गल और विष्णु तरड़ अनशन कर रहे हैं। उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाना चाहिये, पूनम ने आग्रह किया सूरतगढ़ जिला बनाओ संघर्ष समिति से जल्द से जल्द वार्ता की जाये। सूरतगढ़ जिला बनाने की सभी मापदण्डों को पूर्ण करता है। जिस पर प्रमुख सचिव ने कहा कि सूरतगढ़वासियों की भावनाओं और पूनम छाबड़ा की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया जायेगा।

## संक्षिप्त

### छात्रालय में प्रवेश के लिए आवेदन

**जयपुर** (कासं)। एम.फॉर.सेवा. एक पंजीकृत संस्था है जो पिछले दो दशक से विभिन्न सेवा कार्यक्रमों मे संलग्न है। इन कार्यक्रमों में एक कार्यक्रम नि:शुल्क छात्रालय भी है। इस कार्यक्रम में दूरदराज के पढ़ने के इच्छुक, अभावठास्त छात्रों को जिला स्तर के स्थानों पर रखकर पढ़ाया जाता है व रहने, खाने, पढ़ने के खर्च का प्रबन्ध संस्था स्वयं दान से प्राप्त राशि से करती है। इस संस्था को कोई सरकारी वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं होती है। देश में इस तरह के लगभग एक सौ छात्रालय चल रहे हैं। एम फॉर सेवा संस्था की और अधिक जानकारी उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है। राजस्थान में इस प्रकार के दो छात्रालय महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज परिसर, सीतापुरा, जयपुर में वर्ष 2008 से एवम् मङ्गल भूमि कॉलोनी, एयरपोर्ट के सामने, डबोक, उदयपुर में वर्ष 2013 से संचालित हो रहे हैं। वर्तमान में इनकी छात्रालयों की क्षमता क्रमश: 100 और 50 छात्र है।

### बदबूदार पानी से लोग परेशान

**जयपुर** (कासं)। जयपुर की प्रताप नगर आवासीय कॉलोनी के जोन 64 (वार्ड नंबर 100) के एक हिस्से में पिछले 3 माह से काफी भयंकर बदबूदार और पीला पानी आ रहा है, जो कि बिल्कुल उपयोग योग्य नहीं है। इस बारे में लगातार जलदाय विभाग और नगर निगम को शिकायत की जा रही है, लेकिन उनकी तरफ से कोई प्रॉपर सुनवाई नहीं हो रही है। बीच-बीच में दो-चार दिन पानी ठीक रहता है, लेकिन लगातार यह शिकायत बनी हुई है। ऐसे पानी से हाथ धोना और अन्य दैनिक कार्य भी नहीं कर पा रहे हैं। दूषित पानी मजबूरी में पीने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। उल्टी दस्त की शिकायत हो रही है। लगभग 150-200 लोग इस समस्या से प्रभावित हो रहे हैं,लेकिन प्रशासन बिल्कुल सचेत नहीं है।

### सावरकर साहित्य सम्मलेन 1 अप्रैल से

**जयपुर** (कासं)। सावरकर दर्शन प्रतिष्ठान की और से अखिल भारतीय स्वातंत्र्य वीर सावरकर साहित्य सम्मलेन आगामी एक और दो अप्रैल को चितौडगढ के इंद्रा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। प्रदेश संयोजक विजय पारीक ने बताया की सम्मलेन में देशभर से प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम में सावरकर दर्शन प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र साठे, मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे, महाराष्ट्र की सांसद नवनीत राणा, सावरकर के प्रपोत्र रणजीत सावरकर सहित अनेक मुख्य लोग भी भाग लेंगे। प्रतिनिधियों का स्वागत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और क्षेत्रीय सांसद सी.पी. जोशी करेंगे।

# पंडित नेहरू बाल साहित्य अकादमी ने बांटे पुरस्कार

**जयपुर**। पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी, राजस्थान की ओर से जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में आयोजित जवाहर बाल साहित्य महोत्सव का बुधवार को दूसरा दिन रहा। अकादमी के इस पहले सम्मान व पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के आरम्भ में अकादमी अध्यक्ष इकराम राजस्थानी, मुख्य अतिथि रमेश बोराणा, उपाध्यक्ष, राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण, रमेश तैलंग, वरिष्ठ बाल साहित्यकार, मुम्बई, फारूक आफरीदी वरिष्ठ साहित्यकार एवं मुख्यमंत्री के ओएसडी, मुकेश भारद्वाज सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का आरम्भ राजस्थान नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय के दिव्य दृष्टि विद्यार्थियों की दिलकश और सुरीली आवाज से हुआ। इस अवसर पर दिव्य दृष्टि बालिका फाल्गुनी, डिंपल, चंचल, आकांक्षा, अदिति, इशा ने देशभक्ति के तरानों के साथ राजस्थानी लोक गीत, भजन और कविताएं भी पेश की। इनका तबले पर बालक नीरज ने साथ दिया और हारमोनियम पर साथ दिया आई सी श्रीवास्तव ने। अकादमी के अध्यक्ष इकराम राजस्थानी ने पं. जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देशभर में बाल साहित्य को समर्पित यह पहली अकादमी है। बच्चों से जुड़े साहित्य के संरक्षण व संवर्धन के लिए अकादमी प्रयासरत है।

मुख्य अतिथि रमेश बोराणा ने कहा कि राजस्थान की बाल साहित्य अकादमी पं. नेहरू के विचारों को साकार करने में जुटी है अकादमी ने अल्प समय में अपनी बड़ी पहचान बनायी है। राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने कहा कि आज यह अकादमी जिन मानदंडों को निर्धारित करेगी वे आने वाले समय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। फारूक आफरीदी ने कहा अकादमी लगातार आगे बढ रही है।

# गढ़ा धन निकालने के बहाने ठगने वाला बदमाश पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भोले-भाले लोगों को जमीन में गढ़े हुए धन को निकालने का लालच देकर ठगी करने वाले एक आरोपी को धर-दबोचा है। जिसके पास से पुलिस ने मिट्टी और पत्थरों से भरी तीन चरी को भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि भोले-भाले लोगों को जमीन में गढ़े हुए धन को निकालने का लालच देकर ठगी करने वाले आरोपित शंकर लाल गुर्जर निवासी निवाई जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वह सांगानेर थाना इलाके में किराए पर रह कर मजदूरी का काम करता है। रुपयों की आवश्यकता होने पर भोले-भाले लोगों को अपनी बातों में फंसा कर जमीन में गढ़े हुए धन को निकालने का प्रभोलन देकर ठगी की वारदात करता है।

# तीन हथियार सप्लायर और दो खरीददार पुलिस के हत्थे चढ़े

## आरोपियों के कब्जे से 7 देशी पिस्टल और कारतूस जब्त

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। बगरू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन हथियार सप्लायर और दो खरीददारों सहित पांच जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 7 अवैध देशी पिस्टल और कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने बदमाशों के पास से 4 लाख 90 हजार रुपए की नगद राशि बरामद कर ली।

यह बदमाश मध्यप्रदेश के इंदौर 12 हजार रुपये में अवैध पिस्टल खरीदकर उसे 35 हजार रुपए में जयपुर व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई करते थे। हथियार सप्लायरों ने छह माह पहले ही यह गोरखधंधा शुरू किया था।

- इंदौर से 12 हजार रुपये में हथियार लाकर जयपुर व आसपास में 35 हजार में बेचते थे तीनों बदमाश

डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हथियार सप्लायर जाट कॉलोनी अजमेर रोड भांकरोटा निवासी बंटी चौधरी, धरियाबाद प्रतापगढ़ निवासी रवि कलाल उर्फ रवि चौधरी और पचवारा दौसा निवासी धरमवीर हैं। पुलिस ने बंटी से एक पिस्टल, कारतूस, रवि कलाल से दो पिस्टल दो कारतूस और धरमवीर से दो पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने हथियार खरीदने के मामले में पाटण सीकर निवासी मनीष शर्मा, वाटिका सांगानेर सदर निवासी विकास मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक- एक पिस्टल और एक एक कारतूस बरामद किया हैं।



बगरू पुलिस ने बुधवार को तीन हथियार सप्लायर और दो खरीददारों सहित पांच जनों को गिरफ्तार किया।

डीसीपी ने बताया कि 29 मार्च को बगरू थाने पर तैनात स्पेशल टीम के कांस्टेबल रामेश्वर को सूचना मिली थी कि बगरू क्षेत्र में कुछ अवैध हथियार सप्लायर एक कार में घूम रहे है। जिनकी वर्तमान में सांझारिया और बेगस की तरफ लोकेशन है। इस पर पुलिस की तीन टीमों को अलग-अलग जगह भेजा गया। एसआई जालम सिंह की टीम ने सांझरिया, बेगस, मणिपाल रोड तिराहे पर पहुंचे जहां पर एक कार खडड़ड़ी ुई मिली। जिसमें तीन संदिग्ध लोग बैठे हुए थे। पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास हथियार और 4 लाख 90 हजार रुपए मिले। पुलिस ने तीनों आरोपी बंटी चौधरी, रवि कलाल और धर्मवीर को 5 पिस्टल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से कार भी जब्त कर ली।

पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह इंदौर मध्यप्रदेश से पिस्टल 12 हजार रुपए में खरीदकर प्रति पिस्टल 35 हजार रुपए में जयपुर व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई करते थे। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को पकड़ने के बाद पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि मनीष शर्मा और विकास मीणा को हथियार कुछ देर पहले ही बेचे है। इस पर पुलिस टीम ने मनीष शर्मा को बेगस रोड से और विकास मीणा को सांझरिया रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से एक एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं।

# 19 देशों के 25 प्रतिनिधियों ने जाने राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड के नवाचार

## जयपुर के सिटी पार्क, विधायक आवास व अन्य प्रोजेक्ट्स पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड की परियोजनाओं के अध्ययन के लिए 19 देशों के 25 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि बुधवार को जयपुर पहुंचे। जिन्हें आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के जरिए जयपुर के मशहूर सिटी पार्क, विधायक फ्लैट्स, अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट सहित कई अन्य परियोजनाओं का विस्तार से परिचय दिया।

प्रस्तुतिकरण को देखकर प्रतिनिधिगण हतप्रभ थे कि जब कोविड पूरी दुनिया त्रस्त थी, तब हाऊसिंग बोर्ड उसी गति से कैसे काम पर पाया। उन्होंने विधायक आवास योजना के निर्माण की गति पर भी हैरानी जाहिर करते हुए कहा कि मंडल ने किसी प्राइवेट बिल्डर से भी तेज गति से काम कर दिखा दिया कि बेहतर नेतृत्व के भी कुछ मायने होते हैं। प्रतिनिधि दल गुरुवार को सिटी पार्क, विधायक आवास परियोजना और अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोजक्ट का भी दौरा करेगा। आयुक्त ने प्रजेंटेशन के दौरान बताया कि मंडल ने आवासों के अलावा लीक से हटकर भी कई नवाचार किए है। उन्होंने इस दौरान कोचिंग हब, सिटी पार्क, चौपटियां, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब जैसी परियोजना के बारे में भी बताया।



हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने 19 देशों के 25 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को विभाग द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी दी।

प्रतिनिधिमंडल ने सभी योजनाओं को दिलचस्पी से देखा और सराहा भी। उल्लेखनीय है कि दुनिया के 19 देशों के 25 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय जयपुर के स्टडी टूर पर है। प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के अन्य विभागों की प्रमुख योजनाओं का भी अध्ययन करेगा। इस अवसर पर हडको से वर्षा पुनहानी, सुधीर भटनागर, मुख्य अभियंता प्रथम के.सी. मीणा, मुख्य अभियंता द्वितीय जी.एस.बाघेला, मुख्य अभियंता मुख्यालय मनोज गुप्ता समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

# हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। चित्रकूट थाना पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम वन्दिता राणा ने बताया कि चित्रकूट थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन' (आग) तहत कार्रवाई करते हुए आरोपित रवि नायक उर्फ बाला निवासी संजय नगर डीसीएम चित्रकूट को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी रवि नायक उर्फ बाला के विरूद्ध 14 प्रकरण पंजीबद्ध है और चोरी, नकबजनी, जैसी वारदातों को अंजाम दे चुका है साथ ही वर्तमान में भी सक्रिय अपराधी है।

गिरफ्तार आरोपित स्वयं नशा करने का आदी है और आवश्यकता पूर्ति के लिए मोटरसाइकिल चोरी, नकबजनी जैसी वारदातों को अंजाम देता रहा है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वह ओमप्रकाश उर्फ लहरी तथा प्रहलाद के साथ मिलकर जवाहर सर्किल इलाके में एक महिला के गले से चेन तोड चुका है, जिसमें वह वारदात के दौरान मोटरसाइकिल चला रहा था। पुलिस पूछताछ में और भी वारदातें खुलने की संभावना है।



## What Is That Touchscreen?

The touchscreens on mobile phones utilize the principles of capacitance. This screen is made of an electrically charged material that is monitored by circuits in each corner. When users touch the capacitive screen, it changes in capacitance that enables the location to be sent and determined. It has high clarity and cannot be damaged by dust or water. Capacitive screens can be touched in more than one place at once. Unlike most other types of touchscreen, they don't work if you touch them with a plastic stylus.



#MIND&BODY

# Yogic Union

Yoga is more than just standing on your head. It's about uniting with the divine.



While yoga has become a trendy lifestyle and wellness practice in many parts of the world, its roots are ancient, spiritual, and profound. Originally developed in Hinduism, yoga provides a path to achieve a higher state of consciousness and to unite with the divine.

The Sanskrit word yoga literally translates to "to yoke," derived from the root word yiuj which means "to join," "to integrate," or "to harness." The word yoga was first mentioned in one of the oldest texts known to humanity, the Rig Veda. The Rig Veda is the oldest of the Vedas - an ancient compendium of sacred songs, mantras, and rituals central to the Hindu religion. They are believed to have been composed between 1500 and 1200 BC.

The deity associated with yoga is Shiva, the Hindu god of destruction and regeneration. According to tradition, yogic knowledge was revealed as a divine gift by Shiva to the Rishis - sages or "men of vision" devoted to the spiritual life who, during their meditations, would receive visions or hear mantras and truths that others could not. In India,



Rishis were given the highest reverence, and their words were more highly regarded than even the most royal leaders of society.

Yoga was refined and developed by the Rishis, and they documented their yoga practices and beliefs in the Upanishads, a huge body of work containing over 200 scriptures, believed to have been composed around 500 BC. Passed down by the Rishis through centuries by guru shishya-parampara, the guru-disciple tradition, these teachings were given to people to help them realize their inherent divine nature.

### The Primary Paths of Yoga

There are four primary paths through which yoga is expressed: Karma yoga (yoga of action), Bhakti yoga (yoga of devotion), Jñ?na yoga (yoga of knowledge), and R?ja yoga (yoga of mind control).

Karma yoga emphasizes selfless service and fulfilling one's duties to sublimate the ego, purify the heart, and cultivate oneness. Physical activities like cooking, cleaning, and teaching are used. Bhakti yoga engages the emotional aspect of the mind through devotion to the divine, developing humility and surrender. Methods include praying, chanting, and participating in rituals. Jñ?na yoga focuses on self-inquiry through intellectual questioning, reflection, and meditation on the nature of truth. R?ja yoga uses techniques like Hatha yoga (described below), cleansing, breathing exercises, and meditation to control the body, mind, and senses. Its emphasis on the physical body and the use of specific techniques to achieve particular outcomes are based on an understanding of the body's physiology and the effects of the practices on the body and mind.

### The Spiritual Connection

Essentially, yoga is a spiritual practice meant to help with purifying and preparing the body and mind to first recognize one's atman ("soul") within, and then unite it with Brahman or the divine. Hindu philosophy views this attainment of union with the divine as the ultimate goal of human existence, and it is called "Moksha" or "Mukti." This attainment is said to be a liberation or release from the cycle of birth, death, and rebirth (samsara).

The Vedas emphasized ritual sacrifice to please the gods, but the Rishis believed that true spiritual growth comes from internal sacrifice. This involves self-knowledge, recognizing that the true self is not the physical body or ego. Action involves performing selfless acts without attachment to results, and wisdom involves gaining understanding of reality through reflection and study. By sacrificing ego and desires through these means, the Rishis believed one could achieve spiritual growth and enlightenment, and unite with the divine.

Yoga can be a powerful tool for spiritual growth and enlightenment when practiced with intention and mindfulness, uniting the mind, body, and spirit. Like any spiritual journey, yoga is a deeply personal one. The individual style and its benefits may differ from person to person, but an understanding of the philosophy around this practice is key to reaping the intended benefits of this practice.

As it says in Bhagavad Gita, Chapter 6, Verse 3:

"For one who has conquered the mind, the mind is the best of friends; but for one who has failed to do so, his mind will remain the greatest enemy. Yoga is the journey of the self, through the self, to the self."





Divyakriti Singh.

In 2014, an all-women team represented India for the first time, but there has been a gap since then. With the abundance of talent and potential in our country, especially in Rajasthan, I firmly believe that with the right training and support, we can see many more girls and boys excel at the international level in the coming years. It is my dream to create a pathway for young equestrians to follow and to pave the way for greater representation of women in this exhilarating and rewarding sport.

# She is Galloping to the Top

#TETE -A-TETE



**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*



Dressage is a sport that has been refined over centuries and has evolved into an art form. It involves the intricate coordination between horse and rider to perform a series of precise movements that demonstrate the highest level of training and discipline. As an equestrian sport defined by the International Equestrian Federation, dressage is described as "the highest expression of horse training" where "horse and rider are expected to perform from memory a series of predetermined movements."

As per the newly issued world rankings of Fédération Equestre Internationale (FEI), Jaipur's Divyakriti Singh ranks 1st in Asia and 14th in the world in the Dressage discipline of equestrian games. Furthermore, she also made it to the list of probable for the 19th Asian Games, slated to be held from 23 September to 8 October 2023, in the Dressage discipline. What's noteworthy is that she is the only woman athlete from Rajasthan to make it to the list of probable in the equestrian discipline for the 19th Asian Games. We caught up with her to know more about her journey. Below are some excerpts from the conversation:

***Q: Tell us about your journey in the equestrian sport and how you became interested in dressage?***

**A:** My passion for equestrian sports began during my time at Mayo College Girls' School in Ajmer. In seventh grade, all students were required to participate in a sport and I chose riding. As I spent more time around horses, my appreciation for their beauty, grace, and intelligence deepened. I continued to ride and compete throughout my school years, participating in numerous Junior and Senior national championships and steadily advancing through the levels. Looking back on those formative years, I cherish the memories of my time spent in the saddle, and am grateful for the foundation in equestrianism that Mayo College Girls' School provided me.

***Q: How do you feel about being a trailblazer and inspiring others in your community?***

**A:** I am thrilled to be the only woman from Rajasthan to have made it onto the probable list for the 19th Asian Games Indian team for equestrian sports. However, my ultimate goal is to use this platform to inspire other women to pursue equestrian sports professionally. In 2014, an all-women team represented India for the first time, but there has been a gap since then. With the abundance of talent and potential in our country, especially in Rajasthan, I firmly believe that with the right training and support, we can see many more girls and boys excel at the international level in the coming years. It is my dream to create a pathway for young equestrians to follow and to pave the way for greater representation of women in this exhilarating and rewarding sport.

***Q: What challenges have you faced as a female athlete in this sport and how have you overcome them?***

**A:** Equestrianism is a rare sport where men and women compete on a level playing field, making it truly empowering for female athletes. From local competitions to the Olympics, women have consistently demonstrated their excellence in the sport, often surpassing their male counterparts. While every athlete faces their own set of challenges, I do not view my gender as a hindrance in my equestrian journey. Though I have faced my fair share of setbacks and difficulties, I am determined to continue pushing myself and achieving my goals.

> I firmly believe that with the right training and support, we can see many more girls and boys excel at the international level in the coming years. It is my dream to create a pathway for young equestrians to follow and to pave the way for greater representation of women.



***Q: How do you prepare for competitions, both mentally and physically?***

**A:** The preparation for equestrian competitions is a highly detailed and individualistic process. As an athlete in this sport, my teammate is a horse, and the key to a successful competition lies in the seamless partnership between the horse and rider. Achieving this level of harmony takes countless hours of practice, both in the saddle and outside of it. Every horse has a unique personality and requires a different approach to training, so it's essential to have a deep understanding of your horse's individual needs and preferences.

Personally, I have developed a close relationship with my horses over time. I have spent countless hours caring for them and getting to know them on a personal level. This bond is built on trust, and it's what enables us to work together as a team in competitions.

Leading up to a competition, we follow a rigorous training schedule for two weeks to ensure that we are well-prepared, without over-exerting ourselves too soon. This involves a variety of structured exercises, with support from a team of experts including trainers, farriers, physiotherapists, and veterinarians. Mental preparation is also critical in this sport, and as riders, we must maintain a calm and confident mindset to guide our horses through any situation.

Despite our best efforts, failures are inevitable in this sport. I have experienced my share of setbacks and disappointments along the way. However, I believe that resilience and mental toughness are essential qualities for any athlete. Through mental training and practices like Sudarshan Kriya and meditation, I have learned to cultivate a never-give-up attitude that has helped me persevere through tough times and emerge stronger on the other side.

***Q: Can you walk us through your training regimen and how you stay in top shape for your competitions?***

**A:** In the equestrian sport, every day is a new challenge, but having a dedicated team of experienced trainers and coaches makes all the difference. My team works together to create a tailored training regimen that meets both mine and my horses' needs, ensuring that we are able to perform at our best.



> No matter the weather, I am dedicated to providing the best possible care for my horses. In temperatures as low as -7°C, through rain, snow, and storms, and even in the heat of summer, I make sure my horses are well taken care of. On competition days, I travel with my horses in the horse truck to ensure they receive the best care possible, and I am usually at the competition venue from morning until night.

Starting early in the morning, my day is filled with a range of tasks from horse riding to horse care. Apart from riding lessons, I'm responsible for mucking out the stables, preparing feed, sweeping the barn, and taking the horses for their daily turn-out. On average, I train for 4-5 days a week, depending on the upcoming schedule. As a competition approaches, the intensity of training gradually increases to ensure that both my horse and I are fully prepared.

No matter the weather, I am dedicated to providing the best possible care for my horses. In temperatures as low as -7°C, through rain, snow, and storms, and even in the heat of summer, I make sure my horses are well taken care of. On competition days, I travel with my horses in the horse truck to ensure they receive the best care possible, and I am usually at the competition venue from morning until night.

To keep the horses mentally happy and the training varied, we spend two days a week hacking out in the forest or cantering on the track. I also plan my training in such a way that I ride every day of the week. Even after a long day, I always make sure to check on my horses in the stables before I go to bed.

**Q: How do you balance your training and competing schedule with other aspects of your life?**

**A:** At present, I believe that both I and those around me have been solely focused on the Asian Games. As a result, I have been fully devoted to it and have yet to figure out how to balance it with other areas of my life.

However, like all aspects of life, particularly in sports, sacrifices must be made. In my journey, I too have had to make certain compromises along the way. I am not able to engage in activities that most people my age participate in, and I have had to be away from my home and family, even during the Covid-19 pandemic. Nevertheless, riding and competing at this level have always been my aspirations, and the little sacrifices I have had to make seem insignificant in comparison to the opportunity to pursue my dreams. I feel grateful and fortunate to have the chance to do what I love.

Moving forward, I understand the importance of balancing my passion for riding with other aspects of my life for long-term sustainability. Riding is a sport that one can participate in for a lifetime, and I am determined to ride and compete for as long as possible.

***Q: What advice would you give to aspiring equestrian athletes, especially those from non-traditional equestrian communities?***

**A:** Although I do not believe that I am qualified to give advice to others, I have gained significant insight from my own experiences. There are two significant takeaways that I would like to share. Firstly, investing in a skilled trainer is critical to improve and refine one's riding abilities. The right trainer can offer valuable guidance and support, which can help achieve new levels of success.

Secondly, it is essential to have faith in oneself and prioritize the well-being of one's horses. Horses have a remarkable ability to go above and beyond for their riders, and as riders, we must prioritize their welfare as our topmost responsibility.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#TRAVEL

# The World's Most Beautiful Cities

Some standards and some surprises-all dazzling destinations to tempt you on your next trip.



How does one narrow down a list of the most beautiful cities? Each city in every corner of the world holds its own particular beauty. What sets some cityscapes apart from the rest are their special combinations of the wildness of nature and structure of civilization.

Cities possessing natural beauty-marvellous mountains, remarkable rivers, fascinating forests, or captivating coastline-and human-made grandeur-astonishing architecture, graceful green spaces, magnificent monuments, and superb structures-are those that rise above the rest.

These cities are particularly alluring and enchanting. Some that made the list may seem unusual while others will be on every "beautiful city" list until the end of time. Regardless, each of these cities is a treasure trove of stunning sights.

### Lisbon, Portugal

In a city that boasts sunshine 290 days of the year, there's so much beauty to behold-whether it's on the edge of the beach or atop a rolling hill. The hills offer several viewing points called miradouro throughout this historic city-visit its most famous, Miradouro da Graça, or the less crowded yet still radiant Miradouro de Monte Agudo and Miradouro da Senhora do Monte.



Ålesund, Norway.

### Sydney, Australia

Between the turquoise oceans and golden sands of Bondi Beach to the lush rainforest of the Ku-ring-gai Chase National Park and the bush of Royal National Park, you're never far from natural beauty in Sydney. One of the best ways to see the sights is to walk-take the Glebe Foreshore walk, for example, to enjoy views of Rozelle Bay and Blackwater Bay, the Sydney Harbour, and Anzac Bridge.

For a more leisurely tour, enjoy a ferry or harbour cruise. Climb the Sydney Harbour Bridge, the world's largest steel arch, with BridgeClimb Sydney for pleasing panoramic views of the city and a breath-taking experience.

### Québec City, Canada

Old Québec is a UNESCO World Heritage site and the only fortified city north of Mexico. Stroll the cobblestone streets to see the beautiful Basilica Cathedral Notre-Dame de Québec and take in the ramparts and four gates surrounding the Old City.

For views of the St. Lawrence River and Château Frontenac, walk along the Dufferin Terrace. You can also visit the Fairmont Le Château Frontenac on Cape Diamond, a Québec City treasure that's been operational for more than a century. Visit the picturesque streets of Old Port and pick up a boat tour, or explore the Petit-Champlain pedestrian street. For natural beauty, visit the Jacques-Cartier National Park or the Montmorency Falls-a waterfall that is 30 meters higher than Niagara Falls.

### Prague, Czech Republic

As its nickname suggests, the City of a Hundred Spires has an abundance of appealing architecture. The best way to experience Prague is on foot. Marvel at the many towers of Prague, like the Lesser Town Bridge Towers, the New Mill Water Tower, the Old Town Bridge Tower, and the Old Town Hall Tower-or take steps to the top of one, as each affords a distinctive view of the capital city. '

### Ålesund, Norway

After a fire destroyed most of Ålesund in 1904, the city arose with astounding Art Nouveau architecture, with some of the most beautiful examples in all of Europe. Take in the gorgeous city by kayak along the Brosundet canal, which winds through the centre of the city. Take a boat along the Geirangerfjord or hike to the Mount Aksla viewpoint for marvellous views of this unique location.

### Amsterdam, Netherlands

With its historic buildings dating back to the 17th century Golden Age, complex canal system, and charming homes, Amsterdam is a truly stunning city. The ideal way to travel is by bike, but you can also take a boat tour of the historic canal ring, which is a UNESCO World Heritage Site. Walk through Vondelpark, the largest city park in Holland's capital. Don't leave Amsterdam without taking a flight with This Is Holland. The experience allows you to see Amsterdam from above, over the canals, polders, tulip fields, the Wadden Sea, and Veluwezoom, the oldest natural park in Holland.

### Cape Town, South Africa

A port city on South Africa's southwest coast, Cape Town sits beneath Table Mountain, a UNESCO World Heritage Site and one of the New 7 Wonders of the World. Hike or ride a cable car to explore the mountain's flat top and take in the vibrant views of the Mother City, the harbour, and the nearby prison that once held Nelson Mandela.

### Kyoto, Japan


Kyoto's exquisite architecture and lush scenery make it a grand city. Located on the island of Honshu, Kyoto is home to many Buddhist temples and Shinto shrines, including the Kiyomizudera Temple and Kinkakuji.

Other jaw dropping sites include the Togetsukyo Bridge and the Tenryu-ji temple. Visit in the spring to see the cherry blossoms or in the fall for the foliage. The Tango-hanto Peninsula is a must-visit area, with its white-sand beaches, rejuvenating onsen (hot springs), and superb scenery.




Québec City, Canada.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### हथकड़ शराब सहित युवक पकड़ा

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना पुलिस ने हथकड शराब पर कार्यवाही करते हुए बुधवार को सांसी बस्ती डिग्गी से दस लीटर हथकड शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि दबिश की कार्यवाही के दौरान आरोपी रवि कुमार सांसी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दस लीटर हथकड शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### असद मलिक जिला प्रभारी बने

**मालपुरा, (निसं)।** राजस्थान अधिकारी कर्मचारी मॉईनोरिटी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को संगठन में जिला पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए मालपुरा निवासी असद मलिक को भीलवाड़ा व झालावाड़ जिला प्रभारी नियुक्त किया। मलिक की नियुक्ति पर संगठन के कर्मचारियों व पदाधिकारियों सहित मित्रों ने मलिक को बधाई दी।

### संगीतमय रामायण पाठ शुरू

**बोराज, (निसं)।** चैत्र नवरात्रि के दौरान बुधवार को कस्बे के श्री सीताराम जी मंदिर बोराज धाम परिसर में मंदिर आचार्य विष्णु दास के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा दो दिवसीय संगीतमय रामायण पाठ शुरू किये। इसके चलते भक्तों की मंदिर में भीड़ रही । मंदिर को रंगीन रोशनी से सजाया गया । आचार्य विष्णु दास ने बताया कि रामनवमी गुरुवार को भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर दोपहर को ठाकुर जी की आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण होगी ।

### मातारानी नगर भ्रमण पर निकली

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे की हनुमानपुरा रोड स्थित श्री जगदम्बा मंदिर से मातारानी नगर भ्रमण को निकली। श्री आदिशक्ति जगदम्बा मंदिर सेवासमिति द्वारा शाही लवाजमे के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य मार्गो से माता दुर्गा की शोभायात्रा में माता के भक्तों ने नाचते गाते शक्ति को मनाने व सर्वसमाज के लिए सुख समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा बिजली ग्रैड से होते हुए शिशम हनुमान मन्दिर, शनि मंदिर, मुख्य बाजार, तोरण द्वार से वापस अपने धाम को पहुंची।

# चिकित्सकों व नर्सिंग कर्मियों ने पैदल मार्च निकाल कर ज्ञापन सौंपा

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा हाल ही में पारित किये गये राईट टू हैल्थ बिल के विरोध में कोटपूतली सहित पावटा, बानसूर क्षेत्र के सभी निजी अस्पतालों में चिकित्सकों द्वारा की जा रही हड़ताल बुधवार को लगातार 10 वें दिन भी जारी रही। बिल

■ 'राईट टू हेल्थ' बिल के विरोध में चिकित्सकों की हड़ताल 10 वें दिन भी जारी

के विरोध में निजी अस्पतालों के चिकित्सकों व नर्सिंगकर्मियों ने राजमार्ग स्थित लालचंद मोरीजावाला धर्मशाला से पैदल मार्च निकालकर एसडीएम ऋषभ मण्डल को ज्ञापन सौंपकर बिल को वापस लेने की मांग की।

चिकित्सकों ने एक स्वर में कहा कि, यह बिल असंवैधानिक है एवं इससे चिकित्सकों व मरीजों के बीच आये दिन झगड़े बढ़ेंगे। अतः सरकार को इसे वापस लेना चाहिए नहीं तो आंदोलन को उग्र किया जायेगा। इस कारण जनता को होने वाली असुविधा व हानि की जिम्मेदारी सरकार की होगी। वहीं मेडीकल संचालकों ने भी दो घण्टे मेडीकल बंद कर प्रदर्शन किया। रैली में डॉ. आर.आर. यादव, डॉ. ओपी गुप्ता, डॉ. कानाराम गुर्जर, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. एसएम यादव, डॉ. कृष्णा गूर्जर, डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. दुर्गेश सैनी, डॉ. अभिमन्यु यादव, डॉ. मुकुट सिंह, डॉ. मुकुल जैन, डॉ. दिलीप यादव, डॉ. अमित यादव, डॉ. महेंद्र पलसानिया, डॉ. विजया सेहरावत, डॉ. विजय गुप्ता, मेडिकल संचालक पं. सूर्यकांत शर्मा, विक्की बंसल, रामावतार गुर्जर, सुशील बंसल, घनश्याम यादव, शीशराम यादव, बाबूलाल कुमावत, संजय यादव, सुंदर कसाना, शीशराम कसाना, राजेन्द्र सैनी, कृष्ण सैनी आदि ने समर्थन किया।



कोटपूतली में पैदल मार्च कर चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ ने प्रदर्शन किया।

## कुल देवी की पूजा-अर्चना की

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित जिले भर में बुधवार को घर-घर अष्टमी मनाई गई।

इस अवसर पर घरों में श्रद्धालुओं ने खीर, लापसी का भोग लगाकर माता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। जिला मुख्यालय पर अष्टमी के अवसर पर मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। शहर के कंकाली माता मन्दिर में माता की विशेष झांकी सजाई गई, जहां श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। महाआरती के बाद मंदिर में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया, जहां माता की प्रसादी के लिए लोगों की भीड रही। इसी प्रकार नेशनल हाइवे पर बनास नदी किनारे बने माता वैष्णों देवी मंदिर, सवाईमाधोपुर रोड स्थित स्वर्ण दुर्गा मंदिर, मशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मंदिर, दरबार स्कूल के पास नीलकंठ शिवालय, तेलियान तालाब स्थित गोपाल जी के मंदिर, घंटाघर स्थित सीताराम जी के मंदिर, पुलिस लाईन स्थित संतोषी माता मंदिर, आरएसी माता मंदिर, नसियां बालाजी सहित शहर के सभी मंदिरों में श्रृद्धालुओं का दर्शनार्थ तांता लगा रहा।

## सार-समाचार

### मनोज अहुजा ने पदभार संभाला



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के गांधी चौक में बुधवार को दोपहर 3 बजे एक कार्यक्रम सालासर धाम के महन्त पण्डित नेमनारायण के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें फुलेरा व्यापार महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज आहूजा ने अपना पदभार संभाला। इस दौरान पण्डित शतीश शर्मा द्वारा वैदिक मन्त्रौचारण के साथ पूर्व कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष कैलाश निठारवाल ने पदभार ग्रहण करवाया। गौरतलब है कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में सालासर धाम के महन्त पण्डित नेमनारायण तो विशिष्ट अतिथियों में सालासर धाम मन्दिर के पुजारी कुलदीप शर्मा एवं स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत रहे। महन्त नेमनारायण ने कहा कि मनोज आहूजा के नेतृत्व में कस्बे के व्यापारियों की प्रत्येक समस्याओं का समाधान होगा। इसी क्रम में विधायक निर्मल कुमावत ने भी कहा कि आहूजा ने पूर्व में पालिका अध्यक्ष पद पर रहते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों में कोताही नहीं बरती थी। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजोरा, उपाध्यक्ष संजय पारीक, वर्तमान उपाध्यक्ष योगेश सैनी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, नरैना व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राजेश शर्मा, टीकम चन्द लखेरा, सांभरलेक व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेन्द्र नारनौलिया, भन्दे बालाजी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रतन लाल कुमावत, प्यारे लाल कुमावत, रतन लाल चौधरी कैलाश वाधवानी, सुन्दर दास, महेश जांगिड़, मोहित धांधल, मोहित कार्डिया, महेश सैन, गोपाल सैन, भंवर गुर्जर, मुकेश गगरानी, सुजाराम कुमावत, सोहन जांगिड़ सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### नगरकोट वाली माता का मेला



**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा की ढण्ड की ढाणी में स्थित नगरकोट वाली माता का मेला बुधवार को बड़ी धूमधाम से भरा। मेले में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश्व शर्मा का आयोजकों ने माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने नगरकोट माता के मंदिर में धोक देकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि मेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है तथा ग्रामीणों को जाति से ऊपर उठकर योग्य व्यक्ति को चुनने को कहा जिससे की क्षेत्र का विकास हो। मेले में स्थानीय कलाकार इन्द्राज महासी द्वारा दिनभर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में आसपास के श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर रोहिताश सैनी लाठीवाला, पूरण भूमला, रामकिशन बाज्या, लीलाराम प्रजापत, बजरंग सैनी, फतेचंद डीलर, बाबूलाल प्रजापत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### एस.पी. ने फ्लैग मार्च निकाला



**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर रामनवमी के अवसर पर गुरुवार को निकलने वाली भव्य श्रीराम वाहन शोभायात्रा को लेकर जिला पुलिस पूर्व से सजग नजर आ रही है। बुधवार को शहर के गांधी पार्क से पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के नेतृत्व में टोंक शहर में पुलिस अधिकारियों व जवानों ने फ्लेग मार्च निकाला। भव्य श्रीराम वाहन शोभायात्रा को लेकर पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज, उपखंड अधिकारी गिरधर, एएसपी भवानी सिंह राठौड़ के साथ पुलिस अधिकारियों, जवानों, एसटीएफ के जवानों ने गांधी पार्क से बुधवार को फ्लेग मार्च शुरु किया, जो घंटाघर से होते हुए मुख्य बाजार, बडा कुंआ, सवाईमाधोपुर चौराहा होते हुए शोभायात्रा रवानागी स्थल तक पुलिस अधिकारियों, जवानों ने फ्लेग मार्च किया।

### हथियारों का जखीरा बरामद

**अलवर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक अलवर आनंद शर्मा ने बताया कि जिला अलवर में अवैध हथियार तस्करों के विरूद्ध पुलिस टीम थाना बानसूर द्वारा पुलिस पर हमला करने वाले 6 आरोपियों को मय अवैध हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया गया। एक पिस्टल मय 12 जिन्दा कारतुस, एक देशी कट्टा मय एक जिन्दा कारतूस, एक निन्जा दक्षिण भारतीय डिजाईनदार तलवार (खंजर), एक कोयता (दक्षिणी भारतीय डिजाईन की घुमावदार धारदार तलवार) व एक धारदार बरछी, बैसबॉल के दो डन्डे बरामद किये गये। आरोपियों में हुकम सिह निवासी बडागांव पुलिस थाना बानसूर , रोशन सिह बडागांव,भुपेन्द्र सिह निवासी बडागांव राजेश सिह निवासी कांकडा झुन्झुनू,राकेश यादव आर्दश नगर जयपुर ग्रामीण,सुरज्ञानी मीना निवासी छितोली थाना विराटनगर शामिल है।

### पटवारियों ने ज्ञापन सौंपा

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय पटवार हल्का खेड़ा निहालपुरा के पटवारी के साथ एक पुलिस अधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में राजस्थान पटवार संघ उपशाखा कोटपूतली के अध्यक्ष जयसिंह गुर्जर के नेतृत्व में पटवारियों ने एसडीएम ऋषभ मण्डल, एसीएम सूर्यकांत शर्मा व तहसीलदार अभिषेक सिंह को ज्ञापन सौंपकर घटना के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में बताया कि पटवार हल्का खेड़ा निहालपुरा का पटवारी कस्बे के तहसील परिसर में चालान सत्यापित करवाकर राशि राजकोष में जमा करवाने के लिए बैंक जा रहे थे। इसी दौरान तहसील परिसर में एएसआई राजवीर ने पटवारी को रूकवा कर अभद्र व्यवहार करते हुए थाने में बंद कर सस्पेंड करवाने की धमकी दी। यही नहीं पटवारी से बेहद अशोभनीय व्यवहार करते हुए गाली गलौच भी की।

### विशाल भगवा शोभायात्रा आज

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड की ओर से गुरुवार को नवमी के दिन विशाल हिन्दू भगवा शोभायात्रा निकाली जाएगी। विहिप के प्रांत सह प्रमुख योगेश गोयल एवं जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद छांगाणी के द्वारा विहिप व बजरंग दल के नेतृत्व में रामनवमी के पावन पर्व पर विशाल हिंदू भगवा शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए बुधवार को बैठक आयोजित की गई। शोभायात्रा नई अनाज मंडी गेट सिनेमा हॉल कैंपस से दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर खैरथल के प्रमुख मार्गो से होती हुई सिनेमा हॉल कैंपस पर ही समापन होगी। शोभा यात्रा को बालक दास रैणाघर के महंत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

### नौ दिवसीय महायज्ञ में आहुतियां दी

**सांभरझील, (निसं)।** यहां गोवर्धन नाथ मंदिर में चैत्र नवरात्रि के प्रारंभ से नौ दिवसीय महायज्ञ चल रहा है। इस यज्ञ में लोगों द्वारा आहुतियां देकर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की जा रही है। दुर्गा अष्टमी के दिन भगवान की पूजा अर्चना की गई एवं भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया फिर यज्ञ में आहुति दी गई। मंदिर के महंत जुगल किशोरजी दास ने बताया यज्ञ का समापन पूर्णाहुति के साथ रामनवमी को होगा। भगवान की विशाल भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी।

## हादसे में दो बाइक पर सवार सात जने घायल

**मंडावरी, (निसं)।** थाना क्षेत्र की सीमा स्थित सिरसाली मोड़ पर बुधवार शाम को सड़क हादसे में दो मोटरसाइकिल पर सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह हादसा उस वक्त घटा जब दो मोटरसाइकिल पर सवार सात लोग पपलाज माता के दर्शन कर खुद के गंतव्य स्थान चीरी की नारोली सपोटरा तहसील क्षेत्र लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर यह लोग एक ट्रैक्टर ट्रॉली के बगल में चल रहे थे इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्राली अचानक घुमा देने के कारण यह सड़क हादसा घटित हुआ। दोनों मोटरसाइकिल पर मक्खन लाल बैरवा, अंकुश, अमित, रुमाली, संजू, विजय, संगीता, जिसमें दो बालक एक महिला चार युवक सहित सात लोग सवार थे। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बामनवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं मंडावरी लोकेशन से पहुंची 108 एंबुलेंस के ईएमटी पुष्पेंद्र चौहान एवं पायलट रमेश शर्मा वह ग्रामीणों की सहायता से सभी घायलों को उप जिला चिकित्सालय मंडावरी उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

घायलों को चिकित्सा अधिकारी बनवारी लाल जाट द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। जहां दुर्घटना में घायल लोगों की हालत गंभीर होने के कारण आधा दर्जन घायलों को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया। दुर्घटना में घायल सभी एक ही परिवार के लोग हैं। सभी घायल सपोटरा थाना क्षेत्र जिला करौली के रहने वाले हैं।

## दो जी.एस.एस. स्वीकृत

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा किए गए प्रयासों के बाद विधानसभा क्षेत्र में एक 132 केवी जीएसएस एवं 33 केवी दो जीएसएस स्वीकृत हुए हैं। मंत्री मीणा ने बताया कि जन सुनवाई के दौरान किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में नए 132 एवं 33 केवी के जीएसएस स्वीकृत कराने की मांग की गई थी। इसी को देखते हुए सवासा में 132 केवी जीएसएस व बिलोना खुर्द नयावास श्यामपुरा खुर्द अमराबाद डूंगरपुर को लाभान्वित करने के लिए 33 केवी के दो जीएसएस स्वीकृत करवाए गए। इन जीएसएस के स्वीकृत होने से इन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों एवं किसानों को निर्बाध बिजली मिलने के साथ कम वोल्टेज कि आने वाली समस्या का भी समाधान हो जाएगा।

# भगवा रैली में जनसैलाब उमड़ा



शाहपुरा शहर के नजदीक खोरी ग्राम में निकाली गई भगवामय नव संवत्सर रैली में कलाकारों ने प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोहा।

**मनोहरपुर, (निसं)।** शाहपुरा शहर के नजदीक खोरी ग्राम में परमानंद धाम के महंत हरिओम दास महाराज के सान्निध्य में भगवामय नव संवत्सर रैली निकाली गई। पूरा खोरी गांव भगवा पताकाओं समेत दुपट्टों व रंगोली से सजाया गया। नवसंवत्सर रैली को महाराज हरिओम दास ने मोहनकुई धाम पर पूजा अर्चना एवं भगवान श्रीराम की आरती उतारकर रवाना किया गया।

रैली के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली में रामदरबार की संजीव झांकी सजाई गई। डीजे पर बज रहे भगवान श्रीराम समेत रामलाल भजनों पर लोग नाचते हुए जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। समाज सेवी धर्मपाल यादव ने बताया कि रैली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनीष यादव ने भी शिरकत कर हरिओमदास महाराज से आशीर्वाद लिया। रैली का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रैली में अलवर के कलाकारों द्वारा ताण्डव नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावा कलाकारों ने भवई नृत्य की प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। मुख्य बाजार में पहुंचने पर मुस्लिम समाज के रफीक मणियार ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और लड्डू बांटकर हिन्दु मुस्लिम एकता का संदेश दिया। इसी प्रकार पंचायत समिति सदस्य भीमसिंह चौहान, दामोदर व्यास ने भी रैली में शामिल लोगों को शर्बत पिलाई। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा। रैली में सरपंच मेवादेवी बुनकर, पंसस भीमसिंह चौहान, कृष्णकांत शर्मा, समदाराम भडाणा,चौथमल शर्मा, सुरेंद्र बुनकर, नवरत्न सोनी, जयप्रकाश मिश्रा, अटल टीलावत, शैलेश जोशी,प्रकाश भडाणा, हीरालाल चैची, रतन पटेल, मामराज सैन, अभिषेक पारासर, अर्पित गोयल, बंटी भार्गव, भैरू चौमूवाल, सुभाष कुमावत, गजानंद भार्गव,साधुराम यादव,रामौतार यादव,विक्रम यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पंचम सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**निवाई, (निसं)।** श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान निवाई के तत्वावधान में गुरुवार को निशुल्क पंचम सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है।

श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने बताया कि 30 मार्च को सुबह पंचम सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन के तहत वर वधू की निकासी निकाली जाएगी। निकासी सुबह 8:30 बजे गांधी पार्क से गाजेबाजे के साथ रवाना होकर श्याम मंदिर परिसर पर जाएगी जहां सभी वर पक्ष गाजेबाजे के द्वारा तोरण मारकर रस्म पूरी करेंगे। पार्षद नितिन छाबडा एवं प्रदीप पारीक ने बताया कि बारात का स्वागत सुबह 11 बजे एवं आशीर्वाद समारोह सुबह 11:30 बजे तथा सामुहिक विवाह सम्मेलन में वर वधू के लिए म्यूजिकल फेरे 12:30 बजे सम्पन्न करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विवाह सम्मेलन में कुल 10 जोडें परिणय सूत्र में बंधेंगे जिसमें चार बच्चों के मां एवं पिता नहीं है और 3 के पिता नहीं है। विमल जौंला ने बताया कि निशुल्क सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। जौंला ने बताया कि विवाह सम्मेलन को लेकर श्याम मंदिर ग्राउण्ड पर जौंला ने बताया कि श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष दिलीप ईसरानी पिछले 5 वर्षो से लगातार धार्मिक एवं सेवा के कार्य जैसे कई आयोजन करवाते आ रहे हैं जिसमें ब्लड कैंप, चिकित्सा शिविर, निर्धन एवं असहाय जरूरतमंद व्यक्तियो को हरसंभव मदद तथा निशुल्क सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन जैसे कार्य करवाये गए हैं।

## शोभायात्रा आज

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर रामनवमी के अवसर पर गुरूवार को प्रातः 9.30 बजे श्रीराम जन्मोत्सव समिति टोंक द्वारा भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर भव्य श्रीराम वाहन शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। समिति के संयोजक विजय चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा गांधी खेल मैदान डिपो से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य बाजार से होते हुए रामलीला मैदान पहुँचेगी, जहाँ महाआरती कर यात्रा का समापन किया जाएगा । यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र राम सबरी की झांकी, दुर्गा माता की झांकी, देवनारायण भगवान, तेजाजी महाराज, भगवान परशुराम, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की व अन्य सभी जाति बिरादरी के प्रमुख आराध्य देवों की झाकियां रहेंगी।

## मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा आयोजित

**बहरोड़/मुंडावर, (निसं)।** मुंडावर के गांव मैनपुर में ग्रामीणों के सहयोग से निर्मित मंदिर में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे में संत समाज सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कविता मेजर ओपी यादव एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्र के हजारों लोगों ने धोक लगाकर प्रसादी ग्रहण की। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कविता यादव ने मां दुर्गा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचकर मां दुर्गा के चरणों में धोक लगाकर क्षेत्र के अमन चैन व खुशहाली की कामना से महिलाओं द्वारा मेजर कविता यादव का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से नवरात्रों के अवसर पर मंदिर में शैलेंद्र कुमार एवं प्रवीण कुमार पुत्र रामचंद्र के सहयोग से दुर्गा माता, हनुमान जी महाराज एवं भैरू बाबा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सहित शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा विशाल भंडारे में धर्म गिरी महाराज के मुख्य आतिथ्य में शुभ नाथ महाराज आश्रम छापुर के संत समाज सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं कैप्टन प्रकाश चंद महावीर अजीत गुर्जर रणजीत रामकरण जगदीश मोती पूर्व सरपंच आदि सहित गांवों के लोगों ने पहुंचकर भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

## अपहृत बालिका को दस्तयाब करने की मांग

**टोंक, (निसं)।** अपहृत नाबालिग बालिका को शीघ्र दस्तियाब करने की मांग को लेकर एडवोकेट शकीलुर्रहमान ने पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज को ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट शकीलुर्रहमान ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये ज्ञापन में बताया कि पीड़ित रतनलाल पुत्र सुवालाल कंजर निवासी सावंतगढ देवली थाना देवली जिला टोंक में 26 फरवरी को थाना देवली में हाजिर होकर अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण के संबंध में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 फरवरी को उसकी पुत्री जो सांडेश्वर महादेव जी के दर्शन करने गई हुई थी। दर्शन कर वापस आते समय मदनलाल जो कि शिवराज मीणा ग्राम सावंतगढ वाले के काम करता था, मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीडित रतनलाल की नाबालिग पुत्री 18 फरवरी से लापता है, जिसकी एफ.आई.आर. नं. थाना देवली जिला टोंक में दर्ज है, उसके बाद भी अभी तक पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तियाब नहीं किया गया है, जबकि पीडित रतनलाल ने अपहरणकर्ता मदनलाल के मोबाईल नम्बर भी देवली थाने में अपनी रिपोर्ट में पेश कर रखी है। किंतु एक माह बाद भी पुलिस द्वारा अपहरणकर्ता को गिरफ्तार नहीं किया जा सका और ना ही नाबालिग बालिका को बरामद किया जा सका।

# रामनवमी शोभायात्रा रूट का डी.एस.पी व एस.डी.एम. ने निरीक्षण किया

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा में रामनवमी के उपलक्ष्य में हिंदू जागरण समिति पावटा व हिंदू उत्सव समिति प्रागपुरा के नेतृत्व में सर्व समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पावटा में भव्य शोभायात्रा शाम 3 बजे से मोदी मंदिर से प्रारंभ होगी।

■ एस.पी. जयपुर ग्रामीण ने भी कस्बे का दौरा किया

वहीं प्रागपुरा में भव्य शोभायात्रा शाम 3 बजे क्यारे वाले हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होती हुई नगर भ्रमण करती हुई लाखों भक्तों के साथ निकलेगी। पावटा में आकर्षक झाकियां, पुष्प वर्षा, शौर्य प्रदर्शन, महाआरती व प्रागपुरा में शोभायात्रा के दौरान गुजरात का प्रसिद्ध अघोरी शिव तांडव नृत्य, हैदराबाद के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हनुमान जी की 10 फीट ऊंची जीवित झांकी, टीम बजरंगी कोट कासिम अलवर द्वारा शौर्य प्रदर्शन, दादूदयाल अखाडा जयपुर, राजशाही राम दरबार की महाझांकियां, हाथी द्वारा पुष्प वर्षा व महाआरती विशेष आकर्षण रहेंगे। इस दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसे लेकर प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने तैयारियों व शोभायात्रा के मुख्य मार्गो के रूट का जायजा लिया।

इसी क्रम में बुधवार सुबह विराट नगर डीएसपी संजीव चौधरी, उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव, उपखंड के अधिकारी व पावटा प्रागपुरा नगरपालिका कर्मचारी के द्वारा आयोजन समिति हिंदू जागरण समिति पावटा व हिंदू उत्सव समिति प्रागपुरा के सदस्यों के साथ श्री रामनवमी शोभा यात्रा के रूट का निरीक्षण किया गया। रूट पर अनावश्यक पडे बिल्डिंग मटेरियल तथा सड़क किनारे पार्किंग वाहनों को शोभायात्रा के दिन व्यवस्थित करने व यात्रा के दौरान रास्ते में आने वाली मीट की दुकानों को बंद रखने का संबंधित संचालकों को निर्देश दिया गया।

वहीं शाम को जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राजीव पचार ने स्वयं आकर शोभायात्रा को लेकर कस्बे का दौरा किया। इस दौरान पावटा में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, प्रागपुरा कांग्रेस ब्लॉक उपा अध्यक्ष अजय सैनी, पावटा पूर्व जी एस एस अध्यक्ष नीरज सैन, पंकज जिंदल, महावीर यादव, मालीराम बंसल, रघु मिश्रा व व प्रागपुरा मे जी एस एस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, रूप सिंह, वार्ड पार्षद मिंटू शर्मा, विक्की सोनी, राजेंद्र जांगिड, कल्लू शर्मा, शंकर शर्मा सहित आयोजक व ग्रामीण मौजूद रहे।



विराट नगर डी.एस.पी. संजीव चौधरी, उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी ने शोभायात्रा के रूट का जायजा लिया।

## विवाह सम्मेलन को लेकर कलश यात्रा निकाली

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** बनेठा उप तहसील मुख्यालय पर बुधवार को कलश यात्रा के साथ सैनी समाज के द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।

इसके पश्चात झालर, शंख, नगाड़ों के साथ ठाकुर जी को बग्गी में सवार कराया गया और घोड़ों पर ध्वज पताका लेकर बैठे अधिक बोली लगाने वाले श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ जुलूस रवाना किया जो मुख्य मार्गों से गुजरता हुआ कोठी स्थित हनुमान जी महाराज के मंदिर पर पहुंचा।

जहां पर पंडित आचार्य अनिल कुमार शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलशों का पूजन करवाया गया और महिलाओं के सिर पर धारण कराया गया। इसके पश्चात कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ कोठी स्थित हनुमान जी के मंदिर से रवाना हुई।

जो कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल पर पहुंची जहां पर वैदिक मंत्रोचार के साथ कलशों को रखा गया। बुधवार को चाक, भात, मंडप कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वहीं गुरुवार रामनवमी को सुबह बैंड बाजों के साथ वर एवं वधू की निकासी निकाली जाएगी। जिसके पश्चात वैदिक मंत्रोचार के साथ 42 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।

# जयपुर ब्लास्ट के आरोपियों की फांसी की सजा रद्द, सभी आरोपी बरी

## राजस्थान हाई कोर्ट ने विशेष अदालत के, फांसी की सजा के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि, जांच अधिकारियों को कानून का ज्ञान ही नहीं है

जयपुर, 29 मार्च (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने 13 मई 2008 को शहर में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में विशेष न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें अदालत ने चार आरोपियों मोहम्मद सैफ, सैफुर्रहमान, सरवर आजमी और सलमान को फांसी की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अदालत ने सलमान को घटना के समय नाबालिग मानते हुए उसके प्रकरण को सुनवाई के लिए किशोर न्यायालय में भेज दिया है। न्यायाधीश पंकज भंडारी और न्यायाधीश समीर जैन की बैंच ने यह आदेश आरोपियों की अपीलों और राज्य सरकार के डेथ रेफरेंस पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि, यह सही है कि घटना में कई लोगों की जान गई थी और कई लोग घायल हुए थे। इसके अलावा लोगों की भावनाएं भी इससे जुड़ी हुई है, लेकिन कोर्ट भावनाओं से नहीं बल्कि कानून के आधार पर फैसला देता है। ऐसा लगता है कि जांच अधिकारियों को कानून की जानकारी ही नहीं थी। इसलिए प्रकरण में लचर जांच करने वाले जांच अधिकारियों के खिलाफ डीजीपी जांच कर कार्रवाई करें और मुख्य सचिव इसकी मॉनिटरिंग करें।

- **13 मई 2008 को जयपुर शहर में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के चार आरोपियों, मोहम्मद सैफ, सैफुर्रहमान, सरवर आज़मी और सलमान को बरी कर दिया गया तथा सलमान को घटना के समय नाबालिग मानते हुए किशोर न्यायालय भेज दिया गया।**
- **जस्टिस पंकज भंडारी व समीर जैन की बैंच ने अपने आदेश में कहा, यह सही है कि, इन धमाकों में कई लोगों की जानें गईं और लोगों की भावनाएं इनसे जुड़ी हैं, पर कोर्ट भावनाओं पर नहीं कानून पर फैसला देता है।**
- **बैंच ने कहा, ऐसा लगता है कि, जांच अधिकारियों को कानून की जानकारी ही नहीं थी। इसलिए लचर जांच करने वाले जांच अधिकारियों के खिलाफ डी.जी.पी. जांच करें व कार्यवाही करें तथा मुख्य सचिव इसकी मॉनिटरिंग करें।**

यह मानी कमियां

अदालत ने बचाव पक्ष की उन दलीलों को माना है, जिसमें पुलिस जांच पर सवाल उठाए गए थे। बचाव पक्ष की ओर से कहा गया की घटना के अगले दिन ही पुलिस ने साइकिल विक्रेताओं की बिल बुक जब्त कर ली थी, लेकिन डिस्क्लोजर स्टेटमेंट चार माह बाद लिए गए। इसके अलावा धमाका करने में काम ली गई साईकिलों और बिल बुक की साइकिलों के चेचिस नंबर अलग थे। वहीं आरोपियों की शिनाख्त परेड के दौरान जांच अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। इसके अलावा जिस साइबर कैफे से विस्फोट करने की जिम्मेदारी लेने का ईमेल भेजने की बात कही गई, वहां से कोई रिकॉर्ड जब्त नहीं किया गया ओर ना ही जिन टीवी चैनलों में यह ईमेल भेजे गए, उन लोगों के बयान लिए गए। आरोपियों की ओर से यह भी कहा गया की आरोपियों का घटना के दिन दिल्ली से बस के जरिए आना बताकर उसी दिन साईकिल खरीद कर वारदात को अंजाम देकर ट्रेन से वापस दिल्ली जाने की बात कही गई है। जबकि पुलिस ने सहयात्रियों के बयान, सीसीटीवी कैमरा रिकॉर्डिंग और टिकट आदि से जुड़े साक्ष्य पेश नहीं किए। वहीं पुलिस ने दिल्ली के जामा मस्जिद के सामने से छर्रे खरीदना बताया, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साबित है की मृतकों के शरीर में मिले छर्रे अलग थे। राज्य सरकार की ओर से डेथ रेफरेंस में कहा गया कि निचली अदालत ने अभियुक्तों को बम ब्लास्ट का दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई है। अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन पक्ष के पास साक्ष्य हैं। ऐसे में अभियुक्तों की फांसी की सजा को कन्फर्म किया जाए।

गौरतलब है कि, मामले में पुलिस ने शाहबाज हुसैन, मोहम्मद सैफ, सैफुर्रहमान, सरवर आजमी और सलमान को गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने 18 दिसंबर, 2019 को शाहबाज हुसैन को बरी कर अन्य चारों आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई थी। विशेष न्यायालय के फैसले के करीब आठ माह बाद अभियोजन पक्ष ने चांदपोल हनुमान मंदिर के पास मिले जिंदा बम को लेकर इन पांचों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। इस आरोप पत्र में शाहबाज हुसैन को हाईकोर्ट पूर्व में जमानत मिल चुकी है।

# त्रिपुरा में बिजली गिरने से एक की मौत, 10 अन्य झुलसे

अगरतला, 29 मार्च (वार्ता)। त्रिपुरा के उनाकोटि जिले में कुमारघाट के राजकांधी गांव में बिजली गिरने से 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि राजकांधी गांव में मंगलवार रात को आकाशीय बिजली गिरने से देबजॉय देबबर्मा नाम के एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उनकी पुत्री और पुत्र सहित आठ लोग घायल हो गए।

- **त्रिपुरा के एक गांव में मंगलवार देर रात को आकाशीय बिजली गिरने की घटना हुई।**

उन्होंने बताया कि घायलों को स्थानीय लोगों ने बचाया और पीड़ितों को फातिक्रॉय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें जिला अस्पताल के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

गौरतलब है कि पूर्वी भारतीय राज्यों और बंगलादेश में लंबे समय तक सूखे के बाद मार्च और अप्रैल के महीनों के दौरान वर्षा, आंधी के साथ बिजली चमकना व गिरना आम घटना है।

# करोना के मामलों में बड़ा उछाल, एक्टिव केस 11 हजार से अधिक हुए

## बुधवार को देश में करोना के 2,144 नये मामले सामने आये व 4 लोगों की मौत हुई

नई दिल्ली, 29 मार्च (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटे में करोना वायरस संक्रमण से चार मरीजों की मौत हुई है और सक्रिय मामलों में वृद्धि जारी है तथा इस दौरान संक्रमण के 922 सक्रिय मामले बढ़े हैं।

इस बीच देश में करोना टीकाकरण जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 11,336 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,65,76,697 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 922 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 11,903 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,47,09,676 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,848 हो गयी है। इसी अवधि में करोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 1,222 बढ़कर 4,41,66,925 पर पहुंच गया है।

- **देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 215 की वृद्धि हुई है। केरल में बुधवार को करीब कोविड के 450 नये मामले दर्ज किये गये।**

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 215 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, दिल्ली में 133, महाराष्ट्र में 131, गुजरात में 127, हिमाचल प्रदेश में 79, गोवा में 63, हरियाणा में 50, पंजाब में 44, उत्तर प्रदेश में 42, तमिलनाडु में 26, आन्ध्र प्रदेश में 14, छत्तीसगढ़ में 11, पश्चिम बंगाल में 10, सिक्किम और उत्तराखंड में छह-छह, चंडीगढ़ में तीन, झारखंड और ओडिशा में दो-दो सक्रिय मामले बढ़े हैं तथा कर्नाटक में एक, महाराष्ट्र में तीन मरीजों की करोना से मौत हुई है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और महाराष्ट्र में एक बार फिर से करोना पैर पसारने लगा है। दोनों राज्यों में कोरोना के केस तेजी से बढ़ रहे हैं।

दिल्ली में पिछले 24 घंटों में 300 नए करोना मामले सामने आए हैं, कोरोना से 163 लोग ठीक हुए और 2 मौतें हुई हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अभी दिल्ली में 806 सक्रिय मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 483 नए मामले सामने आए और 317 लोग ठीक हुए। करोना के कारण 3 लोगों की मृत्यु होई। अभी राज्य में सक्रिय मामले 2506 हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोविड-19 की स्थिति और जन स्वास्थ्य क्षेत्र की तैयारियों पर बुधवार (22 मार्च) को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की थी। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य राज्यमंत्री भारती प्रवीन पवार, स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, आईसीएमआर के राजीव बहल, नीति आयोग से वीके पॉल, गृह सचिव अजय भल्ला, पीएमओ के अधिकारीऔर अन्य मौजूद रहे थे।

# 'राहुल के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भयभीत है। भाई राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असर भी भाजपा के डर का एक कारण है।"

लेकिन राहुल गांधी की डिस्क्वालिफिकेशन पर जनता की प्रतिक्रिया की पहली परीक्षा कर्नाटक में होगी, जहाँ दो माह से भी कम समय बाद चुनाव होने हैं। इसकी एक परीक्षा उस समय भी होगी, जब चुनाव आयोग वायनाड लोकसभा चुनाव क्षेत्र के उप चुनाव करायेगा।

कांग्रेस कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही सक्रिय एवं गतिशील हो गये थे तथा कांग्रेस के जनसम्पर्क अभियान, जिसे दक्षिण भारत में जबरदस्त समर्थन मिला था, की जो सार्वजनिक प्रतिक्रिया हुई, उसके चलते कार्यकर्ताओं का उत्साह और जोश नई ऊँचाईयाँ छू रहा है। केरल में राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी से कहीं ज्यादा लोकप्रिय हैं तथा अगर वहाँ इस समय उप चुनाव होते हैं तो कांग्रेस की बड़े आराम से जीत होने की उम्मीद है।

कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान, राहुल गांधी को अदालत द्वारा दी गई सजा को भाजपा संभवतः सबसे प्रमुख मुद्दा बनायेगी तथा कांग्रेस नेता को एक अपराणी के रूप में तथा बार-बार गलती करने वाले नेता के रूप में खारिज करने की कोशिश करेगी। ज्ञातव्य है कि कर्नाटक में भाजपा सत्ता विरोधी लहर के साथ ही, भ्रष्टाचार से उसकी छवि को हुये नुकसान से जूझ रही है।

एक ऐसे राज्य में, जहाँ कांग्रेस अब भी मजबूत है तथा उसकी गिनती ताकतवर पार्टियों में होती है, उसके पास भाजपा की इस बात से लड़ने का आधार है। इसका एक कारण यह भी है कि राष्ट्रीय स्तर के विपरीत, इस राज्य में पार्टी को क्षेत्रीय स्तर पर मीडिया का तथा स्थानीय मुफस्सल प्रैस कुछ समर्थन भी हासिल है। जनता दल (सेर्कुलर) नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारास्वामी जो त्रिकोणीय संघर्ष कांग्रेस और भाजपा का मुकाबला करते हैं, ने भी डिस्क्वालिफिकेशन की निन्दा की है तथा कहा है कि यह घटना भाजपा द्वारा अपनाई जा रही बदले की राजनीति का प्रतिबिम्ब है।

कांग्रेस डिस्क्वालिफिकेशन को लेकर जवाबी हमला शुरु कर ही चुकी है।

पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया ने कहा, "निराधार मुकदमों तथा दुष्प्रचार के जरिये बड़ी राहुल गांधी की आवाज को खामोश कर पाना असंभव है।" उन्होंने आगे कहा, "कायर लोग झूठा दुष्प्रचार करते हैं, नकली धमकियाँ देते हैं तथा इस सबके आगे झुकने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। न्याय की लड़ाई जारी रहेगी तथा अंतिम जीत हमारी ही होगी।"

पूर्व मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, "भाजपा सरकार उन सभी लोगों के खिलाफ झूठे मुकदमे दायर कर रही है, जो सरकार के खिलाफ बोलते हैं। आज राहुल गांधी (का नम्बर) है। कल आपका (नम्बर) होगा।"

## लक्षद्वीप के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राजधानी है। फैज़ल ने हाल ही में सदस्यता बहाली में देरी किए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कानून विद राहुल गांधी को अयोग्य करार दिए जाने को चुनौती देने के लिए इस मामले में कोर्ट के फैसले का इंतज़ार कर रहे है ताकि इसका इस्तेमाल किया जा सके। लेकिन अब उन्हे हायर कोर्ट द्वारा राहुल की सजा को निलम्बित किए जाने पर फोक्स करना होगा। रिप्रजेन्टेशन ऑफ द पीपुल एक्ट, 1951 की धारा 8 (3) के अनुसार, अगर किसी एम.पी. एम.एल.ए. या एम.एल.सी. पर कोई अपराध सिद्ध हो जाता है तथा उसे कम से कम दो वर्ष की सजा हो जाती है तो वह उस सदन के लिये अयोग्य हो जाता है तथा "उसे सजा की तिथि से डिस्क्वालिफाईड कर दिया जायेगा तथा उसकी रिहाई के छः साल बाद तक डिस्क्वालिफाईड रहेगा।" लेकिन अगर, उक्त जन प्रतिनिधि 30 दिन के अन्दर उस अपराध-सिद्धि तथा सजा को निलम्बित करा लेता है तो उसकी डिस्क्वालिफिकेशन पलट जाती है।

# ममता ने अपना पुराना प्रिय जाना पहचाना...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हैं। राज्य सरकार के सभी प्रतिष्ठानों में बड़े पैमाने पर हुई रिश्वतखोरी और चोरियों तथा चालाकी से की गई नियुक्तियों से जनता का ध्यान हटाने के लिये, ममता बनर्जी ने शहर की हाई प्रोफाइल रैड रोड पर धरना शुरु कर दिया। वे अम्बेडकर की मूर्ति के पास बैठेंगी तथा केन्द्र के समक्ष विभिन्न माँगें रखेंगी।

ममता बनर्जी बहुत ही चतुर राजनेता हैं, तथा ज़मीन पर, आम जनता में जो कुछ चल रहा है, उसे अच्छी तरह समझती हैं। अभी हाल ही में, एक उप चुनाव में हुई तृणमूल कांग्रेस की हार से उन्हें यह संकेत मिल गया है कि पार्टी की जमीनी पकड़ ढ़ीली हो रही है। ऐसी स्थिति में, वे सब कुछ ठीक करने के लिये स्वयं ही निकल पड़ी हैं।

इसके अतिरिक्त सड़क पर उतरने के ममता के इस कदम के राजनैतिक महत्व को स्थानीय निकायों के आसन्न चुनावों तथा 2024 के आम चुनावों के परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है।

लेकिन उनकी सरकार पर प्रस्तुत और प्रदर्शित करने के लिये कुछ भी नहीं है। राज्य की वित्तीय स्थिति जर्जर हो गई है तथा कर्ज का बोझ सहनशक्ति से बहुत ज्यादा हो गया है क्योंकि राज्य किसी भी प्रकार के निवेश को आकर्षित करने में बुरी तरह असफल रहा है।

युवाओं के लिये कोई रोजगार नहीं हैं तथा पार्टी द्वारा की गई अत्यधिक एवं निरंकुश चोरी के चलते, पार्टी की विश्वसनीयता करीब-करीब समाप्त हो गई है।

हमेशा की तरह, पूर्ववर्ती वाम मोर्चे की कम्यूनिस्ट सरकारों तथा उसके बाद ममता बनर्जी की सरकारों की मुख्य शिकायत यही रही है कि केन्द्र पश्चिम बंगाल के साथ भेदभाव कर रहा है। राज्य की वर्तमान बहुत ही खराब स्थिति में, जब न तो स्थानीय रोजगार उपलब्ध हैं और न औद्योगिक खुशहाली पैदा करने वाले कोई निवेश ही है, राजनेता इस सारी दुर्दशा एवं दुर्गति के लिये सिर्फ की निन्दा करेंगे, केन्द्र को गालियाँ देंगे।

इस सारे मामले के पीछे तथ्य यह है कि कई प्रमुख मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों की गिरफ्तारियों तथा कारावास-सजाओं के फलस्वरुप, राज्य प्रशासन पूरी तरह पंगु तथा अस्त व्यस्त हो गया है।

विभिन्न सरकारी योजनाओं के फंड का दुरुपयोग हुआ है। राज्य सरकार ने विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं तथा इनके तहत पैसे के उपयोग का हिसाब-किताब प्रस्तुत नहीं किया गया है।

ऐसी स्थिति में, केन्द्र ने मनरेगा जैसी केन्द्रीय योजनाओं के लिये राज्य को नये फंड देने में असमर्थता व्यक्त कर दी है। इस प्रकार के प्रकरणों की सूची अनन्त है। इन आरोपों का खंडन करते हुये, राज्य सरकार का कहना है कि खर्चों का सारा विवरण केन्द्र को उपलब्ध कराया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त, राज्य का बजट घाटा ऐसी स्थिति में आ गया है कि रिज़र्व बैंक की ओर से नया समायोजन भी बंद किया जा रहा है विभिन्न बिन्दुओं पर, कुछ स्थापित मानकों को बाईपास करते हुये, कुछ वित्तीय समायोजन करना ही पड़ा है।

ऐसी स्थिति में, राज्य सरकार को यही एक सुविधाजनक तरीका लगा है कि केन्द्र की भेदभाव पूर्ण तथा कथित रूप से बकाया पैसे को रोकने वाली छवि बनाई जाये।

राज्य सरकार यही रुख अपनाते हुये तथा यही निराधार कारण देते हुये, राज्य कर्मचारियों से चल रही लड़ाई को निपटाना चाहती है जो केन्द्र के समकक्ष बढ़े हुये महँगाई भत्ते की माँग कर रहे हैं। राज्य-कर्मचारी इस माँग को लेकर एक महीने से धरने पर बैठे थे, जिसे उन्होंने फिलहाल स्थगित कर दिया है।

ममता बनर्जी अपनी स्थिति को ठीक करने की पूरी कोशिश करती हैं, लेकिन स्थिति जस की तस, उतनी ही मुश्किल बनी रहती है।

इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि तृणमूल के दिग्गज नेताओं और गिरफ्तारियों तथा मुद्रा की जमाखोरी तथा उसके अम्बारों के खुले प्रदर्शन के चलते सारा विश्वास समाप्त हो गया है। इन नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों की सम्पत्ति और परिसम्पत्तियों की सूची से जनसाधारण की आत्म संतोष को तगड़ा झटका लगा है।

## 'मोदी के सामने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खड़गे से मुलाकात की। उसके बाद उन्होंने के.सी. वेणुगोपाल के साथ एक मीटिंग की।

एक सीनियर नेता ने कहा कि "जयराम रमेश और के.सी. वेणुगोपाल जैसे महारथी नेताओं की कमजोरियों के बीच राहुल गांधी को अन्ततः जेल जाना पड़ सकता है।

एक पार्टी, जो कि नरेन्द्र मोदी की प्रबल शक्ति के साथ संघर्ष कर रही है, राहुल गांधी और उनके साथ किंडरगार्टन के दिशाहीन भागने वाले बच्चों की भांति प्रतीत हो रही है।

## लश्कर के तीन आतंकवादियों के खिलाफ चार्जशीट पेश

नई दिल्ली, 29 मार्च (वार्ता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हैदराबाद में पिछले वर्ष दशहरा के दौरान हैंड ग्रेनेड (हथगोला) के हमले की साजिश के मामले में पकड़े गये तीन व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किये हैं। ये तीनों आतंकवादी लश्करे तैयबा के लिए कथित रूप से काम करते थे।

एनआईए ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि इस मामले में विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद लश्करे तैयबा के काम करने वाले तीन व्यक्तियों मोहम्मद अब्दुल वाजिद उर्फ जाहेद, समीउद्दीन उर्फ समी और माजहसन फारूक उर्फ माज के खिलाफ आतंकवाद के लिए धन जुटाने, विस्फोटक को उठाकर लाने और इस आतंकवादी संगठन के लिए काम करने वालों की भर्ती करने का काम अंजाम देने का अभियोग पत्र बुधवार को दायर किया गया। इस मामले की पहले हैदराबाद पुलिस जांच कर रही थी।

# किरेन रिजिजू के खिलाफ 300 से अधिक वरिष्ठ वकीलों ने पत्र लिखा

नई दिल्ली, 29 मार्च। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए बुधवार को एक खुले पत्र में देश भर के 300 से अधिक वकीलों ने मांग की कि, केन्द्रीय मंत्री को न्यायाधीशों के खिलाफ की गई टिप्पणियों को वापस लेना चाहिए।

पत्र में वकीलों ने कहा है कि, हम देश भर की विभिन्न अदालतों में प्रैक्टिस करने वाले वकील, केंद्रीय कानून मंत्री श्री किरेन रिजिजू द्वारा भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के खिलाफ एक मीडिया हाउस द्वारा लाइव टेलीकास्ट किए गए अनुचित हमले की निंदा करते हैं। कानून के शासन को बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले लोगों के खिलाफ राष्ट्र-

- **पत्र में वकीलों ने रिजिजू से सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के खिलाफ की गई उनकी टिप्पणियां वापस लेने की मांग की है।**

विरोधी के आरोप और उनके खिलाफ प्रतिशोध की नग्न धमकी, हमारे महान राष्ट्र के सार्वजनिक प्रवचन में एक नई गिरावट को दर्शाती है।

323 हस्ताक्षरकर्ताओं में वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी, कपिल सिब्बल, अरविंद दातार, इकबाल छागला, जनक द्वारकादास, श्री हरि अणे, राजू रामचंद्रन, दुष्यंत दवे, इंदिरा जयसिंह, राजशेखर राव और संजय सिंघवी शामिल हैं।18 मार्च को नई दिल्ली में इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में अपने संबोधन में, रिजिजू ने भारतीय न्यायपालिका को कमजोर करने और इसे सरकार के खिलाफ करने के लिए "एक कैलिब्रेटेड प्रयास" कहा था। हाल ही में, न्यायाधीशों की जवाबदेही पर एक संगोष्ठी हुई थी। लेकिन किसी तरह पूरा सेमिनार इस बात पर केंद्रित हो गया कि कार्यपालिका न्यायपालिका को कैसे प्रभावित कर रही है। कुछ न्यायाधीश ऐसे हैं जो कार्यकर्ता हैं और एक भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा हैं, जो विपक्षी दलों की तरह न्यायपालिका को सरकार के खिलाफ मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

# 'राजनीति को धर्म से पूरी तरह अलग रखा जाये'

नई दिल्ली, 29 मार्च (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि, जिस क्षण राजनीति और धर्म को अलग कर दिया जाएगा, नफरत फैलाने वाले भाषण बंद हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति बी वी नागरथना की बैंच ने नफरती भाषण और बयानों के मामले में राज्य सरकार की ओर से समय पर कार्यवाही नहीं करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

पीठ ने नफरती भाषणों और बयानों के संदर्भ में कहा, हम कहाँ जा रहे हैं? हमारे पास पंडित जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे वक्ता थे। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग उन्हें सुनने आते थे। अब, जिन लोगों के पास कहने को

- **सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि, केवल इसी स्थिति में ही देश में नफरत फैलाने वाले भाषण बंद हो सकते हैं।**

कोई खास चीज नहीं है, वे इस तरह (हेट स्पीच) के भाषण दे रहे हैं।

'हेट स्पीच' के संबंध में बैंच ने कहा, सरकारें समाज से इस अपराध को खत्म करने के लिए एक तंत्र क्यों नहीं विकसित कर सकतीं? बंधुत्व का विचार काफी था, लेकिन हमें यह कहते हुए खेद है कि उसमें दरारें आ रही हैं।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि बड़ी समस्या यह है कि राजनेता धर्म का इस्तेमाल करते हैं। बैंच ने कहा,संयम होना चाहिए। इस देश के नागरिकों को शपथ लेनी चाहिए कि वे दूसरों को अपमानित नहीं करेंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि अभद्र भाषा का इस्तेमाल खतरे का एक दुष्चक्र है, जो सरकारों द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं करने के कारण चल रहा है। बैंच केरल के शाहीन अब्दुल्ला द्वारा महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों के खिलाफ घटनाओं की एक श्रृंखला में नफरत फैलाने वाले भाषणों की जांच करने में असमर्थता के खिलाफ एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## नामीबिया से आई मादा चीता ने दिया 4 शावकों को जन्म

इंदौर, 29 मार्च। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से खुशखबरी आई है। प्रोजेक्ट चीता के तहत नामीबिया से आए चीतों में से एक मादा चीता की मौत की दुखद खबर के बाद अब एक साथ 4 शावकों का जन्म हुआ है। इन चारों शावकों को जन्म दिया है सियाया नाम की मादा चीता ने।

इन शावकों के जन्म लेने की घटना हिंदुस्तान में 75 साल बाद पहली बार हुई है। शावकों के जन्म लेने की खबर के बाद से वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। बता दें कि दिसंबर में खबर आई थी कि दो मादा चीता गर्भवती हो सकती हैं, जिसके बाद अब ये खुशखबरी आई है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी ये खबर ट्विटर पर साझा की है। उन्होंने चीता शावकों के जन्म लेने पर वन्यजीव प्रेमियों को बधाई दी है। साथ ही कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के चलते ऐसा होना संभव हो पाया है। उन्होंने कुनो नेशनल पार्क में तैनात सभी रक्षकों को भी बधाई दी है।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव 10 मई को होंगे, मतगणना...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनाव परिणाम ना केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का असली खुलासा करेंगे बल्कि इनसे यह भी पता चलेगा कि विवादास्पद कारोबारी गौतम अडानी के साथ उनके निकट संबंधों के हाल ही हुए रहस्योद्‌घाटन के बाद भी क्या देश की जनता पर उनकी पकड़ बरकरार है या उसमें कमी आई है।

विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर मोदी इस माह एक-दो बार कर्नाटक का दौरा कर चुके हैं। इन दौरों में उन्होंने मुख्यतः कांग्रेस और राहुल गांधी को निशाना बनाया।

इसके साथ ही चुनाव परिणामों से यह भी सामने आएगा कि सूरत की अदालत द्वारा दो वर्ष की जेल की सजा सुनाए जाने और लोकसभा की सदस्यता से सिक्वालिफाई किए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली भाजपा की कार्यशैली से क्या जनता की सिम्पैथी मिली है या नहीं?

राहुल गांधी अगले माह कोलार से एक चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत कर रहे हैं। कोलार ही वह निर्वाचन क्षेत्र है, जहां उन्होंने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को लेकर टिप्पणी की थी और यही टिप्पणी बाद में जाकर मानहानि केस का आधार बनी।

कर्नाटक के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने बताया कि "राहुल गांधी कोलार लौटेंगे और अपनी सत्यमेव जयते रैली की शुरूआत करेंगे। हमने उनसे अनुरोध किया था कि वे अपनी चुनावी यात्रा की शुरूआत वहां से करें, जहां उन्होंने बयान दिया था और भाजपा ने उसकी भर्त्सना की थी। राहुल अपनी महारैली की शुरूआत यहीं से करेंगे।"

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा, विपक्षी कांग्रेस और जे.डी. (एस.) तीन मुख्य पार्टियां हैं जो अपना भाग्य आजमाएगी। इसके अलावा क्षेत्रीय दल भी हैं। इस राज्य में जीत हासिल करना जहां इन तीनों पार्टियों के लिए अहम है, वहीं आगामी लोकसभा चुनावों में प्रासंगिक बने रहने को लेकर कांग्रेस और जे.डी. (एस.) के लिए तो और भी महत्वपूर्ण है।

- **ये चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता की भी परीक्षा होंगे कि, प्रधानमंत्री की छवि पर गौतम अडानी से संबंध का कितना असर हुआ है।**

कर्नाटक की राजनीति को जो बात इतनी दिलचस्प और महत्वपूर्ण बनाती है, वह शायद ये तथ्य है कि दक्षिण भारत में भाजपा का यह पहला गढ़ है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अजेय चुनावी राजनीति की अब तक पूरी पकड़ नहीं बन पायी है।

दक्षिण भारत में भाजपा शासित पहला और एक मात्र राज्य कर्नाटक ही है। मोदी और शाह के राष्ट्रीय राजनीति में उभरने से पूर्व ही भाजपा ने इस राज्य में चुनावी जीत दर्ज की थी।

कर्नाटक में भाजपा वर्ष 2004 में ही एक प्रमुख पार्टी बन कर उभरी थी।

लिंगायत समुदाय के दिग्गज नेता बी.एस. येदियुरप्पा यहां भाजपा के प्रथम मुख्यमंत्री बने थे।

वर्ष 2007, 2008, 2018 और वर्ष 2019 में यहां जीत दिलाने का श्रेय येदियुरप्पा को जाता है और कर्नाटक के इतिहास में यह सम्मान प्राप्त करने वाले वे एक मात्र व्यक्ति हैं।

कांग्रेस के लिए इन चुनावों में जीत दर्ज करना मायने रखता है क्योंकि ऐसा करके ही वह अपना अस्तित्व बनाए और प्रासंगिक बने रह सकती है।

कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची शनिवार को सबसे पहले जारी की। उसने पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैय्या को उनके वरूणा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार को कनकापुरा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है।

तथापि, जहां कांग्रेस को इस राज्य को भाजपा से पुनः छीनने और जुलाई 2019 में अपमानजनक ढंग से सत्ता से बेदखल किए जाने का हिसाब बराबर करने की उम्मीद है, वहीं जमीनी खबरों से पता चलता है कि कांग्रेस गुटबाजी और आंतरिक संघर्षों में उलझी हुई है।

लगता है कि कर्नाटक में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में सामंजस्य की एक प्रकट कमी है, क्योंकि शिव कुमार और सिद्धारमैय्या, दोनों ही मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में प्रस्तुत होना चाहते हैं।

सिद्धारमैय्या जनता की भीड़ को आकर्षित करने वाले और एक अच्छे संगठनकर्ता के रूप में जाने जाते हैं, वहीं शिव कुमार की पहचान उनके वित्तीय एवं आपदा प्रबंधन कौशल से है।

पर्यवेक्षकों का कहना है कि, कांग्रेस के नेता मिलकर काम करने के बजाय, एक-दूसरे के खिलाफ काम कर रहे हैं।

ऐसी अटकलें है कि शिव कुमार ने जे.डी. (एस) प्रमुख एच.डी. कुमारास्वामी के साथ यह डील कर ली है कि कांग्रेस के बहुमत में नहीं आ पाने की स्थिति में वे उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करेंगे।

इधर, कुमारास्वामी ने मीडिया को बताया कि कांग्रेस और भाजपा-दोनों ने ही उन्हें "पेशकश" की हैं।

जहां तक भाजपा का प्रश्न है, खासतौर से, लिंगायत समुदाय के दिग्गज नेता येदियुरप्पा को सार्वजनिक रूप से "शांत" कर दिये जाने के बाद, भाजपा कुछ ज्यादा व्यवस्थित प्रतीत हो रही है।

बताया जाता है कि येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटा दिये जाने पर लिंगायत समुदाय का एक बड़ा हिस्सा काफी अशांत रहा था।

लेकिन अब, बंजारा, भोवी, कोराचा तथा कोरामा जैसे समुदायों के लोग भाजपा की इस घोषणा का जबरदस्त विरोध करने पर उतारू हैं, जिसके अंतर्गत, 101 जातियों के 17 प्रतिशत अनुसूचित जाति कोटा में अंदरूनी आरक्षण कर दिया गया है।

भाजपा के बासवराज बोम्मई, जो इस समय कर्नाटक के मुख्यमंत्री हैं, ने दावा किया है कि भाजपा निश्चित रूप से जीतेगी।

वे यह कहते हुए उद्धृत किये गये हैं, "चुनावी मौसम आ गया है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि भाजपा अपने स्तर ही, अकेली ही राज्य में सरकार बना लेगी।"

अमित शाह 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा में भाजपा के "पूर्ण बहुमत" की भविष्यवाणी पहले ही कर चुके हैं।

भाजपा सूत्र दावा कर रहे हैं कि पार्टी आधी विधायक संख्या के आंकड़े को "आसानी" से पार कर लेगी। 2018 में, भाजपा ने 104 सीटें जीती थीं। यह संख्या आधी सदस्य संख्या से 8 कम थी। इसका नतीजा यह हुआ था कि राज्य में जनता दल (एस) तथा कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनी थी तथा कुमारास्वामी मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन यह गठबंधन सरकार, कई कांग्रेस एवं जे.डी. (एस) विधायकों द्वारा इस्तीफे दे दिये जाने के कारण, जुलाई 2019 में गिर गई थी। और भाजपा ने येदियुरप्पा के नेतृत्व में सरकार बना ली थी।


जुलाई 2021 में, 75 वर्ष की उम्र सीमा पार करने के बाद, येदियुरप्पा ने इस्तीफा देकर, बासवराज बोम्मई के लिये रास्ता साफ कर दिया था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908





17.78 cm SmartPlay Studio (Available from Zeta variant onwards)


High Ground Clearance and SUV-like Stance



Auto Gear Shift


Spacious and Comfortable Interiors


1.2L VVT Petrol Engine

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

**VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP OR LOG ON TO www.nexaexperience.com TO AVAIL EXCITING OFFERS.**

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR: NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

*Finance scheme details mentioned above are at the sole discretion of financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. For more details, please contact your nearest NEXA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice.

Scan to know more.

**SMART FINANCE**
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)